संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, शुक्रवार, 16 जून 2023    ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 163 पृष्ठ: 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



गुजरात के तट से टकराया बिपरजॉय, कई इलाकों में भारी बारिश, तेज हवाओं से गिरे पेड़।

# बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## बृजभूषण के खिलाफ नाबालिग यौन शोषण केस में क्लोजर रिपोर्ट, कोर्ट में 550 पन्नों की रिपोर्ट पेश, बालिग पहलवानों के मामले में चार्जशीट दाखिल

### पोस्को एक्ट में राहत

= शिकायतकर्ता यानी नाबालिग पीड़िता के पिता और खुद पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय कुश्ती** संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो केस में बड़ी राहत मिली है, जबकि यौन उत्पीड़न के आरोपों में दिल्ली पुलिस ने एक हजार पन्नों की चार्जशीट पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल की है। चार्जशीट पर दीपक कुमार की एसीएमएम कोर्ट 22 जून को सुनवाई करेगी। दरअसल, नाबालिग पहलवान के मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल की गई है। सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई है। रद्द करने की रिपोर्ट उन मामलों में दायर की जाती है जब कोई पुष्टिकारक साक्ष्य नहीं मिलता है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पोस्को मामले में जांच पूरी हो गई है। जिसके बाद हमने शिकायतकर्ता यानी नाबालिग पीड़िता के पिता और खुद पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 173 के तहत रिपोर्ट पेश की है। दिल्ली पुलिस ने पोस्को केस की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस के विशेष लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने दाखिल की है। अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि हमने पोस्को मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है; सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई है। इसके अलावा, कोर्ट में डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कई पहलवानों द्वारा दर्ज एफआईआर में दिल्ली पुलिस चार्जशीट दायर की है। इसमें पहलवानों द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में जांच पूरी होने के बाद दिल्ली पुलिस धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (अश्लील टिप्पणी करना), 354डी के तहत अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया।






### बालिग पहलवानों के केस में इन धाराओं में चार्जशीट

**दिल्ली** पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि 6 बालिग पहलवानों के केस में हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354-अ और ऊके तहत चार्जशीट दाखिल की है। विनोद तोमर के खिलाफ धारा 109, 354, 354 (अ), 506 के तहत चार्जशीट दायर की गई है।

इस केस की अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

### अब आगे क्या होगा?

**'अब** आईपीसी की धारा 354, 354ए, 354डी के तहत मामला चलेगा। इन मामलों में दोनों तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत होंगे। अगर बृजभूषण आईपीसी की धारा 354 के तहत दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कम से कम एक साल और अधिक से अधिक पांच साल तक की सजा हो सकती है। ये एक गैरजमानती धारा है। इसी तरह आईपीसी की धारा 354-ए के तहत अगर दोषी मिलते हैं तो इसमें उप धारा के तहत कठोर जुमार्ने की सजा का प्रावधान है। ऐसी परिस्थिति में आईपीसी की धारा 354 में मिली सजा को तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। जुर्माने का भी प्रावधान है। ये अपराध जमानती है।' अगर बृजभूषण आईपीसी की धारा 354डी के तहत दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें एक साल की सजा मिल सकती है। ये सजा तीन साल तक के लिए बढ़ाई भी जा सकती है। कठोर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।


## रक्षा मंत्रालय ने प्रीडेटर ड्रोन सौदे को मंजूरी दी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 21 से 24 जून तक के लिए अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। उनकी इस यात्रा की तैयारियों के बीच रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन सौदे को मंजूरी दे दी। इसके लिए अंतिम फैसला सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) करेगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 15 जून को डिफेंस एक्यूजिशन काउंसिल की बैठक में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को मंजूरी दे दी गई। अब एक्यूजिशन को निर्धारित प्रोसेस का पालन करना होगा, फिर सीसीएस इसे मंजूरी देगी। अगर प्रीडेटर ड्रोन की खासियत की बात करें तो यह करीब 35 घंटे हवा में रह सकता है।

## बंगाल में बीडीओ ऑफिस के बाहर हिंसा



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल पंचायत चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन हिंसा हुई। बीरभूम जिले के अहमदपुर में बीडीओ ऑफिस के पास टीएमसी समर्थकों ने पुलिस पर पथराव किया। इस पथराव में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बंगाल भाजपा महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने पंचायत चुनाव के दौरान हो रही हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इस हिंसा की तुलना रूस-यूक्रेन जंग से करते हुए ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। अग्निमित्रा ने कहा कि अगर जल्द से जल्द केंद्रीय बल तैनात नहीं किया गया तो राज्य में खून की होली खेली जाएगी। दरअसल पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान कई विपक्षी नेताओं ने अपने ऊपर हिंसक हमले होने का दावा किया है।

## अमृतपाल के हैंडलर की ब्लड कैंसर से मौत



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह का हेंडलर और यूके में भारतीय दूतावास पर तिरंगे का अपमान करने वाला आतंकी अवतार सिंह खांडा लंदन के अस्पताल में मारा गया। उसे बीते दिन ही लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। उसे ब्लड कैंसर था और यह कैंसर की पहली स्टेज थी। जिसके कारण उसके शरीर में जहर फैल गया था। तबीयत बिगड़ने के बाद अब उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। यूके में बीते कुछ समय से खालिस्तान की उठ रही आवाज आतंकी अवतार सिंह खांडा की ही देन है। कुछ समय में खांडा काफी अधिक एक्टिव हुआ। खांडा खास तौर पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की लंदन इकाई का प्रमुख था। वह आतंकवादी कुलवंत सिंह खुखराना का बेटा है।

## भागलपुर में बम विस्फोट: दो बच्चे घायल-हालत गंभीर



**भागलपुर:** जिले में गुरुवार की दोपहर बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें दो बच्चे बुरी तरह घायल हो गए हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के अंबाई पंचायत स्थित मनोहरपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक, मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के अंबाई पंचायत स्थित मनोहरपुर गांव के बगीचे में एक चबूतरे के पास झाड़ियों के बगल में बम रखा था। इसी दौरान आम बीनने गए दो बच्चों ने एक डिब्बा पड़ा देखा, जिसे उठाकर खेलने लगे और तभी धमाका हो गया। इसमें दोनों बच्चे भी बुरी तरह घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान बलवीर कुमार और टिशू कुमारी के तौर पर हुई है।



मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर देश भर में चलाए जा रहे बीजेपी के महासंपर्क अभियान के अंतर्गत पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा चंडीगढ़ में ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शूटर अंजुम मुद्गिल से मिले।

## कर्नाटक: स्कूल के सिलेबस से हटाई गई संघ संस्थापक हेडगेवार की जीवनी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** की सिद्धारमैया सरकार ने स्कूली पाठ्यपुस्तक के पाठों से आरएसएस संस्थापक केबी हेडगेवार से संबंधित सामग्री को हटाने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के पूर्व शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने सिद्दरमैया सरकार के इस फैसला का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के वोट चाहते हैं और सिद्दरमैया की सरकार हिंदुओं के खिलाफ है। पूर्व मंत्री ने कहा कांग्रेस सरकार अब हिजाब को पहनना फिर से लागू कर सकती है।

## 'जनवरी में पीएम करेंगे राम मंदिर का उद्घाटन'

### श्रीराम अपने मंदिर में आने वाले हैं, अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनाएंगे: योगी

### रामलला के दर पर...

= एक बार फिर त्रेता युग की तरफ हम चल पड़े हैं। अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**सीएम योगी** मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने पर अयोध्या पहुंचे हैं। गुरुवार को भरतकुंड पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "राम मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। ये दिन उत्सव की तरह मनाया जाएगा। 21 लाख दीप जलाए जाएंगे। अयोध्या का वैभव दुनिया देखेगी।" सीएम योगी ने कहा, "पहले गुप्तार घाट और सूरज कुंड जर्जर था। हमने यहां निर्माण कराए हैं। 3 महीने से गुप्तार घाट कितने लोग गए हैं? 6 साल पहले वो वीरान पड़ा हुआ था। अब जाकर देखिए, कितना बढ़िया बन चुका है। ये नई अयोध्या है। हम अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनाएंगे।"

**'अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी':** सीएम ने कहा, "एक बार फिर त्रेता युग की तरफ हम चल पड़े हैं। अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी। अगले वर्ष हमारे श्रीराम आने वाले हैं। अपने घर-महल में विराजमान होने वाले हैं। इसकी तैयारी दीपोत्सव के साथ प्रारंभ होनी चाहिए। जैसे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।" उन्होंने कहा, "एयरपोर्ट पर एक साथ कई विमान उतर सकेंगे। यहां इंटरनेशनल फ्लाइट लैंड करेंगी। किसी बड़े उद्देश्य के लिए शुरूआत में कुछ कठिनाई तो झेलनी पड़ती है। अगले चार-छह महीने में अयोध्या की सड़कें दिल्ली की राजपथ सी लगेंगी।



### 'जिसने अयोध्या में जन्म नहीं लिया, वो पछता रहा'

**योगी** ने कहा, "अयोध्या में लोग देश दुनिया से आएंगे। जिसने अयोध्या में जन्म नहीं लिया, वो पछता रहा होगा। राम अब अपने घर में आने वाले हैं। अपने मंदिर में आने वाले हैं। उसकी तैयारी उत्सव के रूप में होनी चाहिए। हमारी सरकार ने जो कहा, वो करके दिखाया। अयोध्या के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता है।" "राम के बिना हमारा जीवन अधूरा माना जाता है।"

## एशिया कप श्रीलंका-पाकिस्तान में होगा

**टीम एक्शन इंडिया/कोलंबो**

### टूर्नामेंट की तारीख

= अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा

**एशिया** कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 के मुकाबले पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। पाकिस्तान में टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच होंगे। बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। शुरूआती ग्रुप स्टेज के चार मैच पाकिस्तान में होंगे। इनमें एक ग्रुप से पाकिस्तान बनाम नेपाल मैच और दूसरे ग्रुप से अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा। फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होने जा रहे इस टूर्नामेंट के कौन से मैच किस शहर में होंगे इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**श्रीलंका में कौन-कौन से मैच होंगे:** श्रीलंका में ग्रुप स्टेज से भारत बनाम पाकिस्तान और भारत बनाम नेपाल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों ग्रुप से टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी। सुपर-4 के सभी मैच और फाइनल भी श्रीलंका में ही खेले जाएंगे। एशिया कप के मौजूदा सीजन की मेजबानी विवादों में रही है। इसके आयोजन का जिम्मा पाकिस्तान को दिया था, लेकिन प्रेसिडेंट और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पाकिस्तान में भारतीय टीम भेजने से इंकार कर दिया।

## मनी लॉन्ड्रिंग: सेंथिल को कोर्ट से झटका

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई: मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी को झटका लगा है। शहर की एक अदालत ने उनकी रिमांड खत्म करने की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका को गलत बताते हुए खारिज कर दिया, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए बालाजी को पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

**पूछताछ के दौरान रो पड़े थे मंत्री:** ईडी ने बीते दिनों मनी लांड्रिंग के मामले में तमिलनाडु में कार्रवाई की थी। ईडी के अधिकारियों द्वारा बुधवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के दौरान वी सेंथिल बालाजी रो पड़े थे।

## उत्तरकाशी: पुरोला में हालात तनावपूर्ण, बाजार रहे बंद

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी/बड़कोट/नौगांव**

**पुरोला** में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। यमुना घाटी के तीनों बाजार बंद कर दिए गए हैं। बड़कोट, पुरोला, नौगांव के सभी बाजारों में कोई दुकान नहीं खुली। वहीं महापंचायत के लिए पुरोला जाने की जिद पर अड़े हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को पुलिस ने पुरोला जाने से रोका। पुलिस के साथ देर तक नोंकझोंक के बाद प्रदर्शनकारी यही धरने पर बैठ गए, जिसके चलते यहां लंबा जाम लग गया।



गुरुवार 15 जून को पुरोला में प्रस्तावित महापंचायत को लेकर जिला प्रशासन ने बुधवार शाम ही क्षेत्र में धारा-144 लागू कर दी थी। जिले के बॉर्डर भी सील कर दिए गए।

भारी संख्या में क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया, बावजूद व्यापारी और हिंदू संगठनों के लोग महपंचायत करने की जिद पर अड़े हैं।

### लव जेहाद का विरोध

= महापंचायत के लिए पुरोला जाने की जिद पर अड़े हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को पुलिस ने पुरोला जाने से रोका

**रुद्रसेना के संस्थापक गिरफ्तार:** महापंचायत के लिए पुरोला जाने की कोशिश कर रहे रुद्रसेना के संस्थापक राकेश तोमर उत्तराखंडी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं बजरंग दल का दावा है कई कार्यकर्ता पुरोला पहुंचे हैं।

## पंजाब की बठिंडा जेल लौटा गैंगस्टर लॉरेंस

**अमृतसर:** दिल्ली की जेल में गैंगस्टर लॉरेंस के मर्डर की शंकाओं के बीच देर रात उसे पंजाब की बठिंडा जेल पहुंचा दिया गया। दिल्ली जेल प्रशासन ने बीते दिनों लॉरेंस को स्थानीय कोर्ट में पेश किया था। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड खत्म होने पर बठिंडा जेल भेजने के आदेश दिए थे। 3 दिन पहले दिल्ली जेल प्रशासन की अपील पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने भी गैंगस्टर की कस्टडी पूरी होने के बाद उसे बठिंडा जेल को सुपुर्द करने को कहा है।

### चल रहा विचार

### अनछुए स्थलों को पर्यटन के दृष्टिगत बढ़ावा दिया जाएगा

## प्रदेश सरकार नई पर्यटन नीति बनाएगी: सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**प्रदेश सर**कार राज्य के अनछुए स्थलों को बढ़ावा देकर पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से नई पर्यटन नीति तैयार करने पर गहन विचार कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में आगामी पांच वर्षों में पर्यटकों की संख्या को 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ करने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। प्रकृति ने प्रदेश को आपार सौंदर्य से नवाजा है तथा इस सम्पदा का दोहन कर अधिक से अधिक पर्यटकों को प्रदेश की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मई, 2023 तक हिमाचल प्रदेश में लगभग 72 लाख पर्यटकों ने भ्रमण किया है। उन्होंने पर्यटकों की संख्या का सटीक आंकड़ा पता लगाने तथा पर्यटन अधोसंरचना में सुधार करने के लिए पर्यटन विभाग को डॉटा संकलन की प्रणाली तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य सरकार ने पर्यटन सम्बंधी परियोजनाओं के विकास के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग में विपणन प्रयासों तथा स्टाफ को व्यवस्थित करने की महत्ता पर भी बल दिया। जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने से सम्बंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने विभाग को आगामी विचार के लिए अवधारणा पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। इन परियोजनाओं में सकोह में रोलर स्केटिंग रिंक, परागपुर में गोल्फ कोर्स, मैंझा में शीर्ष रिजॉर्ट, नरघोटा में पर्यटन गांव तथा कांगड़ा में प्रस्तावित ऐरो सिटी शामिल है। इसके अतिरिक्त जिला कांगड़ा के नगरोटा-बगवां विधानसभा क्षेत्र में नौरा खड्ड में थीम आधारित सेटेलाइट गांव बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।



### पर्यटन पर फोकस

= प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : सुखविंदर सिंह सुक्खू

## मणिपुर में कर्फ्यू के बावजूद घर जलाए

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** की राजधानी इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में हिंसा भड़क गई। कर्फ्यू के बावजूद कुछ घरों में आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी सुरक्षा बलों से भिड़ गए। इसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसूगैस के गोले छोड़े। रैपिड एक्शन फोर्स के जवान एक संकरी गली में प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह पर आंसू गैस के गोले दागते नजर आ रहे हैं। इंफाल के लाम्फेल इलाके में बुधवार रात उद्योग मंत्री नेमचा किपजेन के सरकारी बंगले में आग लगा दी गई थी। किपजेन उस समय घर पर नहीं थीं। हालांकि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। किपजेन भाजपा के सात कुकी विधायकों में से एक हैं और राज्य की एकमात्र महिला मंत्री हैं।



**हमलों में 9 लोगों की मौत हुई थी:** इसके पहले मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई थी। 10 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के थे।

# विज ने राहुल गांधी की अमेरिका में ट्रक यात्रा पर कसा तंज

## 'कलाकार कई तरह की वेशभूषा बदलकर आते हैं ताकि लोग उनकी ओर आकर्षित हो सके'

8 राहुल गांधी ने हिंदुस्तान में जो किया उसकी ओर भी लोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका में ट्रक यात्रा पर तंज कसा और कहा 'जो कलाकार होते है वो बार-बार कई तरह की वेशभूषा बदलकर आते है ताकि लोग उनकी तरफ देखे, उनकी तरफ आकर्षित हों।' पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इन्होंने कई ढोंग कर लिए लेकिन जनता इनकी तरफ देख तक नहीं रही है। राहुल गांधी ने हिंदुस्तान में जो किया उसकी ओर भी लोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि गांधी परिवार कि यह बहुत बुरी आदत है कि बिना किसी तथ्यों के आरोप लगाते है और यह झूठ की चलती-फिरती फैक्ट्री है। उन्होंने कहा कि इनके राज में जितने भी घोटाले हुए है भाजपा ने तथ्यों सहित उजागर किए जिनमें 2जी स्कैम एवं अन्य घोटाले शामिल है। उन्होंने गांधी परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह रात को सोते है और सुबह उठते ही आरोप लगाने शुरू कर देते है, इन्होंने जितने आरोप लगाए है उसके यह तथ्य बताए।

**इमिग्रेशन कंपनियों पर जल्द कानून बनाकर इसे विधानसभा से पास करवाएंगे : गृह मंत्री अनिल विज:** कबूतरबाजी को लेकर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में इमीग्रेशन कंपनियों पर हमारी नजर है और जल्द ही एक कानून बनाकर विधानसभा में उसे पास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईजी अम्बाला की अगुवाई में इन मामलों से निपटने के लिए एसआईटी गठित है और कबूतरबाजों का पूरी तरह से ही सफाया कर देंगे। उन्होंने कहा कि कबूतरबाज लोगों की खुन-पसीने की कमाई को लेकर चंपत हो जाते है लोग इनके चंगुल में फंस जाते है।

**कुछ लोगों के लिए आंदोलन मनोरंजन का साधन जो ठीक नहीं : मंत्री अनिल विज** - खाप पंचायतों द्वारा महिला पहलवानों के समर्थन में हरियाणा बंद आह्वान पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि खेल मंत्री के साथ सकारात्मक बात चल रही है लेकिन कुछ लोगों के लिए आंदोलन मनोरंजन का साधन है जो ठीक नहीं है, उन्हें तो मौका चाहिए बंद करने का। मंत्री विज ने कहा कि हम देश चलाने की कोशिश कर रहे है और यह बंद करते है। वही, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा दिए बयान कि यह लाठी-डंडों की सरकार है इसपर विज ने कहा कि भाजपा की सरकार बहुत ही संयम से काम करती है, किसानों से बातचीत कर समाधान किया गया, लेकिन इनकी सरकार में तो गोलियां चलाई जाती थी और इसलिए इन्हें बोलने का हक नहीं है।

### गृह मंत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुना

गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। झज्जर से आई युवती के परिवार ने उनके घर में जबरन घुसकर अकेली युवती से अश्लील हरकतें करने साथ ही कैश और जेवर चुराने के आरोप लगाए। मंत्री विज ने एसपी झज्जर को फोन कर मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी तरह सोनीपत से आए फौजी ने उसकी पत्नी द्वारा उसके पर झूठा दहेज का केस साथ ही दुराचार का मामला दर्ज कराने की शिकायत दी जिसपर गृह मंत्री ने एसपी झज्जर को कार्रवाई के निर्देश दिए। अम्बाला के धनकौर से आए ग्रामीणों ने गलियों में नीचे लटकती बिजली की तारों को ऊंचा उठाने, यमुनानगर निवासी महिला ने उसकी सौतेली मां द्वारा पिता पर झूठा पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराने, बहादुरगढ़ निवासी महिला ने कुछ लोगों द्वारा उससे छेड़छाड़ करने एवं धमकियां देने, गुरुग्राम निवासी युवक ने कंपनी द्वारा उसके डेढ़ साल की तनख्वाह नहीं देने के आरोप लगाए। गृह मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2023 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार तथा हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कारों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी जबकि हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। विज्ञान रत्न पुरस्कार 40 वर्ष से अधिक की आयु वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों को जबकि हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार 40 वर्ष से कम की आयु वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों को दिये जाएंगे।

## पंजाबी सिखलाई समर कैंप का समापन हुआ, बच्चों की हौसला अफजाई की

8 स्त्री सत्संग सभा के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए एवं सरोपा भेंट करके उनका धन्यवाद किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर सिंह सभा मॉडल टाउन सोनीपत में गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से चलाए जा रहे पंजाबी सिखलाई समर कैंप का समापन हुआ। सभी बच्चों ने बारी-बारी से गुरबाणी पाठ व शब्द कीर्तन सुनाया स्त्री सत्संग सभा की सदस्य बीबी अमरजीत कौर ने मंच संचालन करते हुए बच्चों की हौसला अफजाई की। गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा की ओर से सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार मंजीत सिंह (एम सी) स्त्री सत्संग सभा का सराहनीय कदम बताया। इससे बच्चों को अपने विरसे का ज्ञान प्राप्त होता है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्त्री सत्संग सभा के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए एवं सरोपा भेंट करके उनका धन्यवाद किया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के प्रधान मनजीत सिंह हरदीप सिंह सूरी परमजीत सिंह गुरप्रीत सिंह अजीत सिंह भाटिया जगमोहन बराड़ा तरसेम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फाउंडेशन लिटरेसी न्यूमेसी पर सेमिनार का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी के केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3 में जी 20 में भारत की भागीदारी में जन भागीदारी के अधीन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों, प्रध्यापकों ने भाग लिया। यह कायाशाला एफ एल एम, फाउंडेशन लिटरेसी न्यूमैसी पर आधारित थी। इस कायाशाला में नई शिक्षा नीति पर भी चर्चा की गई। अध्यापकों ने नई शिक्षा नीति को बेहतर बताते हुए प्रधानमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में डॉ विवेक कोहली, रजनीश, ब्रिबेडियर हैड व चेयरमैन, डॉ नवीन गुलाटी, डॉ जोगिन्द्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3 के प्राचार्या अमित अरोड़ा ने बताया कि जी 20 के प्रमुख बिंदुओं में शिक्षा पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जी 20 ने इस बार शिक्षा का मुद्दा भी उठाया है। जिसमें क्वालिटी ऑफ एडयुकेशन, क्वालिटी ऑफ टीचर, ट्रेनिंग ऑफ टीचर, स्कोल बेस टीचिंग को भी एक विशेष मुद्दा उठाया जा रहा है ।



भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति में इसे पहले से ही शामिल किया हुआ है। नई शिक्षा नीति यह नहीं बताती कि हमें शिक्षा में कैसा बनाना है बल्कि एक देश के लिए हम क्या योगदान कर सकते हैं तथा कुशल व्यक्तित्व, एक अच्छा इंसान बनाना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में कमियों को दूर करते हुए नई शिक्षा नीति लाए हैं। यह नव भारत निर्माण में काफी सहायक है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया उतना अभी तक किसी ने नहीं किया। वहीं केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 प्राचार्या राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जी 20 जन भागीदारी काथशाला का आयोजन किया गया जिसमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की गई है। यहां पर 100 के लगभग अध्यापकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में अध्यापकों लाभान्वित होने से छात्रों का भी विकास संभव है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाने में सहायक होगी। वहीं सैमिनार में भाग लेने आई अध्यापकों ने बताया कि यह नीति बेहद कारगर है। उन्होंने कहा कि बच्चों में मोरल वैल्यू को बढ़ाना जरूरी है।

## चिनशा को राष्ट्रीय ड्रामा एवं डांस कॉम्पिटिशन में विज ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**आल इंडिया** आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा शिमला में आयोजित 68वें राष्ट्रीय ड्रामा एवं डांस कंपीटीशन में अंबाला शहर की चिनेशा जैन ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने शहर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया। चिनेशा जैन व उसके पिता पीयूष जैन ने गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात की। विज ने चिनेशा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसने अंबाला का नाम रोशन किया है। चिनेशा ने बताया कि उसने 20 राज्यों के लोक नृत्यों में करीब 400 प्रतभागियों में से पंजाबी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मौजूद मुंबई फिल्म इंडस्ट्री से संबंधित जज भी नाचने लगे और प्रस्तुति खत्म होने पर चिनेशा को दोबारा ढोल बजाने को कहा और सभी भांगड़ा करने लगे। चिनेशा देश की पहली ऐसी लड़की है जो 13 साल की उम्र में पंजाबी लोक नृत्य करते हुए खुद पंजाबी ढोल भी बजाती है।



चिनेशा एस ए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की छात्रा है और नृत्य के साथ साथ पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में भी अव्वल रहती है। चिनेशा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु अनिल महंत बिट्टू भाजी और अपने माता पिता को दिया।

## अवैध कालोनियों व निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** नगर योजनाकार सोनीपत नरेश कुमार ने कहा कि जिले में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरुआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है, जिसके तहत वीरबार को गांव गुढा की राजस्व सम्पदा में गांव की फिरनी के साथ लगी हुई 4 एकड़ जमीन पर हो रहे कच्चे रास्ते के निर्माण को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर में पनप रही अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरुआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है।

## 'हर हित योजना के तहत जरनल स्टोर के लिए प्रदान की जाती है आर्थिक सहायता'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हर हित योजना के तहत सरकार द्वारा पात्रता निर्धारित करते हुए जरूरतमंद परिवारों को सहायता मुहैया करवाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे परिवारों को स्टोर निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत मुद्रा लोन का ब्याज 2 साल तक के लिए सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा ने बातचीत करते हुए कहा कि सरकार ने प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत हर हित योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना में एक लाख से कम आय वाले परिवारों को हर-हित योजना के तहत सहायता की जा रही है। इस योजना के तहत चिन्हित किए गए परिवारों को हर हित स्टोर योजना में प्राथमिकता दी जाती है। अंत्योदय परिवारों के कौशल विकास स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए प्रयास किए जा रहे है। योजना के तहत जिस परिवार की सालाना आय एक लाख से कम है उनको हर हित स्टोर के निर्माण में आर्थिक सहायता राशि का सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन का ब्याज 2 साल तक सरकार वहन करती है। हर हित स्टोर की फ्रेंचाइजी के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। योजना के लाभ के लिए 21 से 35 वर्ष तक की आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होनी चाहिए। हरियाणा का मूल निवासी प्रमाण पत्र भी संबंधित व्यक्ति के पास होना जरूरी है। इसके लिए न्यूनतम 200 वर्ग फुट की जगह का होना भी जरूरी है।



## सनस्टोन के फायदे अब लिंगया'स विद्यापीठ, फरीदाबाद के छात्रों को भी मिलेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद** : देश के 35 शहरों में 50 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में मौजूद हायर एजुकेशन स्टार्टअप सनस्टोन का लाभ अब लिंगया'स विद्यापीठ, फरीदाबाद में भी मिलेगा।

लिंगया'स विद्यापीठ, फरीदाबाद NAAC द्वारा मान्यता प्राप्त, संस्थान विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सनस्टोन द्वारा प्रदान किए जाने वाले असाधारण लाभ अब एमबीए, बीबीए, बीसीए और एमसीए कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए उपलब्ध होंगे। यह सहयोग छात्रों के लिए 1200 से अधिक रिक्रूटर्स के एक विशाल नेटवर्क में टैप करने का एक उल्लेखनीय अवसर पैदा करता है, जिससे उन्हें फॉर्च्यून 500 कंपनियों के प्रतिष्ठित अधिकारियों और उनकी भर्ती विशेषज्ञता के लिए मान्यता प्राप्त प्रसिद्ध स्टार्टअप्स से सीधा संपर्क मिलता है।

इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की खाई को पाटना है, छात्रों को वास्तविक दुनिया की प्रथाओं में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करना और एक सीखने का अनुभव प्रदान करना है।

## मार्शल आर्ट कप चैंपियनशिप का आयोजन किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
स्केय मार्शलआर्ट एसोसिएशन हरियाणा द्वारा रोड धर्मशाला में राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, स्केय मार्शल आर्ट कप चैंपियनशिप और राज्य सीनियर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। साथ ही एक ट्रेनिंग सेमिनार भी रखा गया। प्रतियोगिता संयोजक व सचिव रवि चौहान ने बताया कि इसमें हरियाणा राज्य से 11 जिलों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ नशा मुक्त कौशल हरियाणा और हरियाणा पूर्वांचल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संतोष पासवान ने बतौर मुख्यातिथि किया। हरियाणा प्रदेश स्केय मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव रिंकू आर्य ने बताया कि यह खेल एक



भारतीय पारंपरिक खेल है। जो की खड़ग और ढाल के साथ किक के संयोजन से खेला जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की यह खेल इस वर्ष 37वीं नैशनल गेम्स गोवा 2023 में शामिल किया गया है। इसके साथ ही इस खेल को आल इंडिया पुलिस गेम्स में भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता के सीनियर आयु वर्ग में -50 किलो भार वर्ग में राकेश हिसार, -54 किलो भार वर्ग में सचिन हिसार, -58 किलो भार वर्ग में अंशुमान महेंद्रगढ़, -62 किलो भार वर्ग में लक्ष्यदीप चौहान कुरुक्षेत्र, - 66 किलो भार वर्ग में साहिल कुरुक्षेत्र, -70 किलो भार वर्ग में गौतम महेंद्रगढ़, - 75 किलो भार वर्ग में अभिमन्यु श्योराण, -80 किलो भार वर्ग में सुशील कुमार हिसार, - 85 किलो भार वर्ग में समीर सिंह कुरुक्षेत्र, +85 किलो भार वर्ग हर्ष बैंसला पलवल प्रथम रहे जिनका चयन आगामी सीनियर नेशनल स्केय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में किया गया है जोकि 22 से 25 जून तक कुरुक्षेत्र में होने जा रही है। मुख्य अतिथि संतोष पासवान ने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी नेशनल चैंपियनशिप की शुभकामनाएं दी और साथ ही खेलों का जीवन में महत्व और खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए समाज के युवाओं के लिए भी नशे से दूर रहने और खेलों से जुड़ने के लिए एक संदेश दिया।

## नशीला पदार्थ रखने के आरोप में दो गिरफ्तार




**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला** पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ चूरापोस्त रखने के आरोप में हरदीप सिंह पुत्र कुलवंत सिंह व मुख्त्यार सिंह पुत्र सोहन सिंह वासीयान खेडी सरफली जिला करनाल को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 54 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुये पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि दिनांक 14 जून 2023 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरिक्षक मंदीप सिंह के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक राजपाल, मुख्य सिपाही सतीश कुमार, सिपाही कृष्ण कुमार, एसपीओ संजय कुमार व गाडी चालक सिपाही दिनेश कुमार की टीम अपराध की तलाश में नजदीक थर्ड गेट केयूके मौजूद थी। पुलिस को गुप्त रुप से सूचना मिली कि हरदीप सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह व मुख्तयार सिंह पुत्र सोहन सिंह वासी खेडी सरफली जिला करनाल अपनी मोटर साईकल नम्बर एचआर-08ए-4263 पर मोटरसाईकल के बीच मे दो कट्टो में डोडा चूरापोस्त रखे हुए है और कुरुक्षेत्र मे सप्लाई करने के लिए आ रहे है। जो इसी समय एसवाईएल नहर पुल ढाण्ड- कुरुक्षेत्र रोड़ पर नाकाबन्दी की जाए तो हरदीप सिंह व मुख्तयार सिंह को मोटरसाईकल सहित काबू करके उनकी तलाशी ली जाए तो उनके कब्जा से डोडा चूरापोस्त बरामद हो सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने एसवाईएल नहर पुल ढाण्ड-कुरुक्षेत्र रोड़ पर नाकाबन्दी पर नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी।

## जिला व ब्लॉक स्तर पर किया योग जागरूकता रैलियों का किया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग के दिशा-निर्देशन एवं जिला प्रशासन और आयुष विभाग के सहयोग से संपूर्ण प्रांत में 2 हजार से अधिक योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस वर्ष हरियाणा में योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास किए गए। सरकारी, गैर सरकारी विभाग, पुलिस, अर्ध सेना बल-आईटीबीपी, सीआरपीएफ, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, व्यायामशाला, पार्क, शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र तक योग की लहर पहुंची है जिला स्तर व सभी ब्लॉक में योग जागरूकता रैलियों का हुआ आयोजन। वीरबार को जिला व ब्लॉक स्तर पर योग जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। इन योग जागरूकता रैलियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों ने बैनर, पोस्टर व नारों के माध्यम से आमजन को योग के प्रति जागरुक किया। यह योग जागरूकता रैलियां जिले के सभी ब्लॉक व गांव स्तर पर आयोजित की गई। इन योग जागरुकता रैलियों में ग्रामीणों ने बढ़चढकर भाग लिया और आमजन को योग के महत्व के बारे में जागरुक किया।



इस योग जागरुकता रैलियों में पंतजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान, हार्टफुलनैस संस्थान, योग भारती संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग, क्रीड़ा भारती, नेहरु युवा केंद्र ने पूरा सहयोग दिया है। इस मौके पर भारतीय योग संस्थान के प्रेस सचिव गुलशन कुमार ग्रोवर, पंतजलि योग समिति से डा. निरपम भट्टी, कुलवंत, आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ मनजीत, कोऑर्डिनेटर डा. कुलवंत, डा. महिपाल, डा. जागीर सहित आयुष व खेल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# भागीरथ मनोहर जल संकट के प्रति चिंतित

## जल संरक्षण की किशाऊ, लखवार व रेणुका बांधों की परियोजना सिरे चढ़ाने की पहल,7 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एक मंच पर लाने में रहे सफल

**पानी बचाओ...**

= मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में राज्य की द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) का शुभारंभ किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**जलवायु परि**वर्तन के चलते भविष्य के वैश्विक जल संकट के प्रति भागीरथ मनोहर लाल काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। कोरोनाकाल में जब हर कोई घर पर रहने को मजबूर था तो उस समय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भावी पीढ़ी को जमीन के साथ-साथ पानी भी विरासत में मिले इसके लिए 'मेरा पानी-मेरी विरासत' एक अनूठी योजना देश के समक्ष रखी जिसकी सराहना कई मंचों में हुई है। योजना के तहत मुख्यमंत्री का लक्ष्य धान बाहुल्य जिलों में धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसल की ओर जाने के लिए किसानों को प्रेरित किया और स्वयं प्रदेश के सभी 10 धान बाहुल्य जिलों के किसानों से सीधा संवाद किया। परिणाम यह हुआ कि 1.5 लाख एकड़ भूमि पर किसानों ने धान की बजाय अन्य फसलों को अपनाया इसके लिए ऐसे किसानों को 7 हजार प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता दी जा रही है। वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 2 लाख एकड़ क्षेत्र को धान के स्थान पर अन्य फसलों के अधीन ले जाने का लक्ष्य लिया। इसके अलावा, अब किसान धान की सीधी बिजाई पद्धति की ओर भी बढ़ रहे हैं, जिससे पानी की बचत होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में राज्य की द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) का शुभारंभ किया। राज्य में कुल पानी की उपलब्धता 20,93,598 करोड़ लीटर है, जबकि पानी की कुल मांग 34,96,276 करोड़ लीटर है, जिससे पानी का अंतर 14 लाख करोड़ लीटर है। इस कार्य योजना से अगले दो वर्षों के इस अंतराल को पूरा करना है। जल संरक्षण की दिशा में गत दिनों पंचकूला में दो दिवसीय जल सम्मेलन का आयोजित किया गया था, जिसमें प्रशासनिक सचिवों और जल संरक्षण पर कार्य कर रहे देश-विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया था। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल स्तर के मद्देनजर एक एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन रणनीति और दृष्टिकोण पर चर्चा करना था। उन्हीं के इनपुट के आधार पर द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) तैयार की गई। योजना के क्रियान्वयन के लिए तीन कमेटियां गठित की गई हैं। राज्य स्तरीय प्रथम कमेटी के मुख्यमंत्री स्वयं अध्यक्ष बने हैं तो दूसरी कमेटी मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी तथा तीसरी जिला स्तरीय कमेटी संबंधित जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में होगी।

**किशाऊ, लखवार व रेणुका बांधों की परियोजना सिरे चढ़ाने की पहल:** मुख्यमंत्री ने कई वर्षों से लंबित जल संरक्षण की किशाऊ, लखवार व रेणुका बांधों की परियोजनाओं को सिरे चढ़ाने की पहल की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के केंद्र सरकार से किये गए आग्रह पर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व राजस्थान के मुख्यमंत्री एक मंच पर आये और आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

### एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट के अगले निर्णय का इंतजार

मुख्यमंत्री कहते हैं कि एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के हक में फैसला दिया हुआ है। उम्मीद है कि यह मुद्दा जल्द ही सुलझ जाएगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार है फिर भी हिमाचल के रास्ते लाने के एक वैकल्पिक प्रस्ताव पर विचार किया गया है। योजना का खाका हिमाचल को भेजा गया है। सिंचाई विभाग (मिकाडा सहित), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायत विभाग, तालाब प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, वन, शिक्षा इत्यादि विभागों को भी जल संसाधन के कार्यों में सहयोग देंगे ताकि जल बचाओ अभियान को सफल बनाया जा सके। जल संरक्षण के इन भागीरथी प्रयासों में मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान प्रदेश में जल बचाओ को मूर्त देने में कामयाब होगा।

# भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है कटारिया का निधन: नड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के परिवार को सांत्वना देने मनसा देवी कांप्लेक्स स्थित उनके आवास पर पहुंचे। नड्डा ने कटारियां की पत्नी और बेटे से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने स्व. कटारिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजली देते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जनसेवा, मित्रवत स्वभाव कटारिया की पूंजी थी। वे पहले राष्ट्र फिर समाज और उसके बाद पार्टी के बारे में सोचते थे, लेकिन अपने लिए उन्होंने कभी नहीं सोचा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कटारिया की धर्मपत्नी बंतो कटारिया और उनके पुत्र चंद्रकांत कटारिया से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि कटारिया का यूं अचानक जाना हम सबके लिए एक कभी ना पूरी होने वाली क्षति है। आपके इस दुःख की घडी में ईश्वर आपको आत्मबल और संयम दें तथा दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। नड्डा ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता और पार्टी का हरेक नेता और कार्यकर्ता उनकी समाज सेवा और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना से सदा प्रेरित होता रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया की लंबी बीमारी के बाद चंडीगढ़ के पीजीआई में 18 मई 2023 को मौत हो गई थी। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल जैन, हरियाणा सरकार में मंत्री मूलचंद शर्मा, हरियाणा कर्मचारी आयोग के चेयरमैन भोपाल सिंह, जिला अध्यक्ष अजय शर्मा और वीरेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

# उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम का किया ऐलान

**चुनाव की तैयारी**

= 9 जुलाई, 2023 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच कुल 1983 सीटों पर मतदान होगा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** राज्य चुनाव आयुक्त, धनपत सिंह ने ग्राम पंचायत, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में विभिन्न पदों पर रिक्त सीटों को भरने के लिए उपचुनाव कराने के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। 9 जुलाई, 2023 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच कुल 1983 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें 1958 पंच, 18 सरपंच, पंचायत समिति के 5 सदस्य और जिला परिषद के 2 सदस्य शामिल हैं। वार्ता के दौरान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए धनपत सिंह ने बताया कि उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) 15 जून 2023 को नोटिस प्रकाशित करेंगे, नामांकन पत्र 21 जून से 26 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत किये जायेंगे। 21 जून से 26 जून तक प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची चिपकाई जाएगी और उम्मीदवारों द्वारा शपथ पत्र या घोषणापत्र प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच 27 जून को सुबह 10 बजे से होगी।

उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 28 जून 2023 दोपहर 3 बजे तक है। उसी दिन यानी 28 जून को दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची 28 जून को चस्पा की जाएगी।

## अनुराग ढांडा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**सोनीपत:** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को राई, सोनीपत, खरखौदा, गोहाना और बरोदा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने मजबूत संगठन का ऐलान कर दिया है। जल्द ही ब्लॉक और गांव स्तर के संगठन का भी ऐलान किया जाएगा। जल्द ही ब्लॉक स्तर, सर्कल और फिर इसके बाद गांव स्तर के पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# लेन ड्राइविंग के सबसे अधिक 646 चालान फरीदाबाद में किए गए: विज



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा ट्रैफिक पुलिस ने 5 जून से लेकर 12 जून 2023 तक 'लेन ड्राइविंग' और 'अंडर ऐज ड्राइविंग' का एक विशेष अभियान चलाया और इस दौरान लेन ड्राइविंग के 3176 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 258 चालान किए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार इस अभियान के दौरान कुल 3434 चालान किए गए। इस संबंध में चलाए गए 'लेन ड्राइविंग' और 'अंडर ऐज ड्राइविंग' अभियान की जिलाबार जानकारी देते हुए विज ने बताया कि अंबाला जिला में कुल 653 चालान हुए जिसमें से लेन ड्राइविंग के 609 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 44 चालान किए गए। सिरसा जिला में कुल 137 चालान हुए जिसमें से लेन ड्राइविंग के 123 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 14 चालान किए गए। कुरुक्षेत्र जिला में कुल 17 चालान हुए जिसमें से लेन ड्राइविंग के 11 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 6 चालान किए गए। मेवात जिला में कुल 236 चालान हुए जिसमें से लेन ड्राइविंग के 234 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 2 चालान किए गए। उन्होंने बताया कि रोहतक जिला में कुल 43 चालान हुए जिसमें से लेन ड्राइविंग के 40 और अंडर ऐज ड्राइविंग के 3 चालान किए गए।

## 'विवि की ग्रांट बंद करने का फैसला तुरंत वापिस ले सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि मौजूदा बीजेपी-जेजेपी सरकार सोची समझी साजिश के तहत गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा के सारे दरवाजे बंद कर रही है। इस सरकार ने पहले 5000 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया, फिर एबीवीएस फीस 2 लाख से बढ़ाकर 40 लाख कर दिया और अब यूनिवर्सिटीज की ग्रांट बंद करके उन्हें निजीकरण की तरफ धकेल रही है। विश्वविद्यालयों की ग्रांट बंद करके इस सरकार ने गरीब परिवारों के होनहार बच्चों की उच्च शिक्षा का सपना चूर-चूर कर दिया है। ऐसा कर-के इस सरकार ने अपने असली रूप को दिखा दिया है कि वो गरीबों की दुश्मन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर स्तर पर इसका विरोध करेगी। प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा विरोधी तमाम फैसलों को खारिज किया जाएगा।

# बच्चों को खेल-खेल में बुनियादी शिक्षा देने पर शिक्षा विभाग का जोर: कंवर पाल



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा के** स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत जोर दिया जा रहा है कि बच्चों को शुरूआती कक्षा में ही बुनियादी शिक्षा खेल-खेल में मिले, ताकि उनकी नींव मजबूत बने और भविष्य में दिक्कत न आए। हरियाणा के शिक्षा विभाग द्वारा इस पर जोर देते हुए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री आज करनाल के डॉ. मंगल सैन आडिटोरियम में निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत आयोजित राज्य स्तरीय जनभागीदारी सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कंवर पाल ने कहा कि कुछ बच्चे बड़ी कक्षाओं में चले जाते हैं लेकिन उन्हें पढ़ने में दिक्कत आती है। जो ज्ञान पहली, दूसरी व पांचवी कक्षा में ग्रहण कर लेना चाहिए था, वह ज्ञान बच्चे अर्जित नहीं कर पाते। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार ने निपुण भारत कार्यक्रम चलाया है। इसके अंतर्गत गणित व हिंदी विषय पर जोर दिया गया है और खेल-खेल में बच्चों को सिखाने पर जोर दिया जा रहा है। हरियाणा ने इस निपुण कार्यक्रम में अंग्रेजी विषय को भी जोड़ा है। इसके तहत शिक्षक नए-नए रचनात्मक तरीकों से बच्चों को गणित, अंग्रेजी और हिंदी का ज्ञान देने पर जोर दे रहे हैं। इस पहल के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

# सीएम चेहरा: सुरजेवाला ने बढ़ाया एक कदम

## स्वागत समारोह और रोड शो के जरिए दिखाई अपनी ताकत, कर्नाटक की जीत ने सुरजेवाला की दावेदारी को


कुमारी शैलजा | रणदीप सुरजेवाला | भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल।**

**प्रदेश** कांग्रेस में इन दिनों खुद को सीएम का चेहरा साबित करने के लिए भूपेंद्र सिंह, हुड्डा रणदीप सिंह सुरजेवाला कुमारी सेलजा में और लगी है। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने सुरजेवाला की दावेदारी को कुछ हद तक पुख्ता कर दिया है। कर्नाटक विजय के बाद पहली बार कैथल पहुंचे रणदीप सुरजेवाला ने हजारों समर्थकों की भीड़ के साथ रोड शो निकालकर इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ा दिया। लंबे काफिले के साथ रोड शो और रैली के जरिए बुधवार को सुरजेवाला ने शक्ति प्रदर्शन किया। सुरजेवाला की दावेदारी मजबूत होने से उनके कार्यकर्ताओं में इस रोड शो के दौरान बेहद उत्साह देखा गया। इस दौरान गीत और संगीत के दोनों के जरिए कार्यकर्ताओं ने उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अहम पहलू यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सेलजा पहले से ही खुद को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर चुके हैं। चुनाव जब होगा तब की बात तो अलग है। लेकिन फिलहाल इन तीनों का मुख्यमंत्री की रेस में शामिल होने से कांग्रेस की लड़ाई दिलचस्प हो गई है। ऐसा नहीं है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा मूकदर्शक बने हुए हैं वह भी अपनी राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर रहे हैं। जिनके जरिए वह कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को अपनी ताकत दिखाते रहते हैं।

**मुख्यमंत्री बनने के लिए नंबर गेम बेहद महत्वपूर्ण:** राजनीतिक विश्लेषक डॉ आर के गुप्ता बताते हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर मुख्यमंत्री बनने के लिए नंबर गेम बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव के बाद अगर कांग्रेसी 60 से अधिक विधायकों के साथ सत्ता में आती है तो ऐसे में रणदीप सुरजेवाला मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बेहद आगे निकल जाते हैं। राजनीति के जानकार बीबी भारद्वाज का कहना है कि अगर कांग्रेसी 45 से 50 सीट हासिल करती है तो मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की दावेदारी कहीं अधिक मजबूत हो जाती है।

**राजनीतिक परिवार से हैं सुरजेवाला:** हरियाणा के राजनीतिक परिवार से रणदीप सुरजेवाला ताल्लुक रखते हैं। इनके पिता हरियाणा के कृषि व सहकारिता मंत्री रह चुके हैं। वह 1967, 1977, 1982, 1991 तथा 2005 में हरियाणा विधान सभा के तथा 1993 में संसद सदस्य रह चुके थे।

**महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रही है शैलजा:** कुमारी शैलजा ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत 1990 में महिला कांग्रेस की अध्यक्षा बनने से की। वे दसवीं लोकसभा के चुनाव में हरियाणा के सिरसा लोकसभा क्षेत्र से चुनी गयीं। नरसिंह राव की सरकार में वे शिक्षा एवं संस्कृति मामलों की राज्यमंत्री बनीं। 1996 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के काफी खराब प्रदर्शन के बावजूद कुमारी शैलजा फिर से चुनी गयीं। 2004 के आम चुनावों में उन्होंने अंबाला लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में केन्द्रीय राज्य मंत्री बनीं।




## न्यूज फ्लैश

### 19 साल की युवती का हुआ अपहरण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिल के हलका इंद्री के एक गांव से 19 साल की युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। युवती सगाई समारोह में शामिल होने के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो लड़कियां व दो लडके हैं। उसकी 19 वर्षीय बेटी 13 जून को तीन बजे घर से गई थी, लेकिन देर शाम तक भी घर नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारी और आसपास के एरिया में उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायतकर्ता ने एक महिला पर उसकी बेटी के अपहरण का शक जताया है। परिजनों ने बताया कि छात्रा बीए फाइनल इयर में पढ़ाई कर रही थी। थाना इंद्री के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामदिया ने बताया है कि शिकायत के आधार पर अपहरण की धाराओं में महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती का सुराग लगा लिया जाएगा।

### कीवे एसआर 250 और एसआर 125 का स्थानीयकरण करने के लिए तैयार

**करनाल।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्रा. लि. (एएआरआई), भारतीय सुपरबाइक उद्योग में एक स्थापित निमार्ता, ने हाल ही में एंट्री-लेवल प्रीमियम सेगमेंट की सेवा के लिए दो नियो-रेट्रो मोटरसाइकिलें पेश कीं। इनमें हंगेरियन मार्के कीवे की उबर कूल एसआर 250 और सामान्य एसआर 125 शामिल हैं, जिनकी 98 से अधिक देशों में मौजूदगी है। ये मोटरसाइकिलें स्कूल के पुराने दिनों की याद दिलाती हैं, जिससे ग्राहक आधुनिक परफॉर्मेंस और भरोसे से समझौता किए बिना 80 और 90 के दशक के अनुभव का आनंद ले सकते हैं। कीवे एसआर 125 पहले से ही बिक रही है, जबकि कीवे एसआर 250 की डिलीवरी 17 जून से शुरू होगी। आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया भी 2023 के अंत तक दोनों नियो-रेट्रो गाड़ियों को स्थानीय बनाने की योजना बना रहा है। स्थानीयकरण की दिशा में कदम एसआर 250 और एसआर 125 को मिल रही अविश्वसनीय प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप उठाया गया है एएआरआई ने कीवे एसआर 250 की पहली पांच सौ डिलीवरी के लिए एक लकी ड्रॉ की घोषणा की है, जिसमें पांच भाग्यशाली ग्राहकों को एक्स-शोरूम कीमत पर 100% कैशबैक मिलेगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम को लेकर हुई बैठक

**8 इसके अतिरिक्त पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत मौजूद कई अन्य मुद्दों पर भी निर्णय लिया गया**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कन्या भ्रूण** हत्या को रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को सिविल सर्जन कार्यालय में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम के तहत जिला एडवाइजरी कमेटी तथा जिला समुचित प्राधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन करनाल डॉक्टर रेनू चावला ने की। सिविल सर्जन द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में जिला में चल रहे दो केंद्रों का नवीनीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत मौजूद कई अन्य मुद्दों पर भी निर्णय लिया गया। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों से जिले के घटते लिंगानुपात को सुधारने के लिए अवैध लिंग जांच व अवैध गर्भपात करने वालों के बारे में सूचना देने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ एवं पीसी एनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. रेनू चौधरी, जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, डॉ. महक, डॉ. मनीष पुरोहित, संदीप एडीए तथा गौतम जैन मौजूद रहे।

## हमारे जीवन में स्वच्छता का बहुत महत्व: रवि सौदा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्य** कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत काछवा के ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन टास्क फोर्स के सदस्य रवि सौदा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में हरीश खरबंदा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ग्रामीण पूर्ण चंद सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को बताया कि गीला और सूखा कचरा अलग अलग करके ही गाड़ी को दें ताकि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट किया जा सके कचरे का निस्तारण किया जा सके। मास्टर ट्रेनर गुरदेव सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी को स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना है जहां पर भी गंदगी दिखे उसे मौके पर ही हटाने का प्रयास करना चाहिए, तभी हम अपने अच्छे भारत का सपना देख सकते हैं।

## महापौर ने फूसगढ़ स्थित गौशाला का किया निरीक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। महापौर** रेनू बाला गुप्ता ने गुरूवार को फूसगढ़ स्थित गौशाला का दौरा कर वहां मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया। गायों को गुड और चारा भी डाला। उनके साथ वार्ड 16 की पार्षद रजनी परोचा, उप निगमायुक्त अरूण कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक संदीप कुमार तथा समाजसेवी कमलेश अरोड़ा भी थे। महापौर ने गौशाला में बनाए गए सभी शैडों का दौरा किया, साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने शैडो में रोशनी, हवा के लिए पंखे, सुरक्षा के लिए कैमरे तथा सुबह-शाम भजन प्रसारण के लिए लगाए गए स्पीकर जैसी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि गाय भीड़ में नहीं रखी जा रही। नगर निगम की ओर से गौशाला में नियुक्त किए गए सेवानिवृत्त वेटरनरी डॉक्टर एवं केयर टेकर रोशन लाल से गायों के स्वास्थ्य को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गौशाला में दूध देने वाली, गर्भधारण किए हुए।

## 'स्ट्रीट वैंडर स्वनिधि योजना का ज्यादा से ज्यादा उठाएं लाभ'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने स्ट्रीट वैंडरों का आह्वान किया है कि वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। इस योजना के तहत सरकार की ओर से 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। पहले 10 हजार रुपये का लोन मिलेगा, जिसे चुकाने के बाद दूसरा ऋण लिया जा सकता है। खास यह है कि इसमें सरकार की ओर से अच्छी-खासी सब्सिडी दी जाती है। निगमायुक्त गुरुवार को नगरीय परियोजना अधिकारी (सीपीओ) और उनके स्टाफ के साथ एक समीक्षा मीटिंग कर रहे थे। मीटिंग में एसीयूटी विवेक आर्य तथा



अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार मौजूद थे। पूरा करें लक्ष्य- मीटिंग में निगमायुक्त ने सीपीओ को निर्देश दिए कि 1 मई 2023 में जिला के करीब 3 हजार नए स्ट्रीट वैंडरों को उक्त योजना का लाभ देने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से अब तक करीब 1200 वैंडरों को स्पोंसर करके लेटर ऑफ रिक्मेंडेशन जारी किए गए हैं, ताकि उन्हें ऋण स्वीकृति के लिए बैंक में भेजा जा सके। शेष स्ट्रीट वैंडरों को जून अंत तक एल.ओ.आर. जारी करने के उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने सीपीओ को निर्देश दिए कि वे इन्द्री, घरौंडा व असंध की फील्ड विजिट करें, इनमें जो भी टाऊन अनुसार टारगेट हैं, उसे पूरा करें। सहयोग के लिए इन कस्बों के नगर पालिका सचिवों से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि किसी स्ट्रीट वैंडर के बैंक खाता खुलवाने में कोई दिक्कत आ रही है, तो उसे खुलवाएं। जिनका आधार नम्बर मोबाईल नम्बर से ड्र्कषलंक नहीं है, उसे लिंक करा लें। उन्होंने सीपीओ के अधीनस्थ स्टाफ से कहा कि वे अपने प्रयासों से ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट वैंडरों को योजना का लाभ लेने के लिए मोटीवेट करें।

जो स्ट्रीट वैंडर अपात्र हो गए हैं, उनसे दोबारा आवेदन लें। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में 4 हजार 24 स्ट्रीट वैंडरों को 10 हजार रुपये के ऋण का लाभ दिया जा चुका है।

# योग परमात्मा से जुडने और अपने आपको पहचानने की प्रक्रिया: डॉ. अमन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उप सिविल** सर्जन डॉ. अमन ने कहा कि योग का अर्थ है जुडा। यानी दो तत्वों का मिलन योग कहलाता है। योग की पूर्णता इसी में है कि जीव भाव में पड़ा मनुष्य परमात्मा से जुडकर अपने निजी आत्म स्वरूप में स्थापित हो जाए। योग करना मतलब एकजुट करना या एकत्रित करना। उप सिविल सर्जन बुधवार को सेक्टर 12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शैड में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को संबोधित कर रहे थे।

उप सिविल सर्जन ने कहा कि योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मन, श्वास और शरीर के विभिन्न अंगों में सामंजस्य बनाना सीखते हैं। यदि आपको लगता है कि योग का मतलब है अपने शरीर को अंतरंग तरीके से मोड?ा, तो फिर समय आ गया है कि आप अपनी सोच पर एक बार गहनता से पूर्ण विचार करें। योग सिर्फ आसनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं अधिक है। सीधे-सीधे शब्दों में कहा जाए तो यह अपने मन, शरीर और श्वास की देखभाल करना है। उन्होंने कहा कि योग सबसे पहले बाहरी शरीर को लाभ पहुँचाता है, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरूआत जगह है। तनाव से मुक्त जीवन, मानसिक शक्ति का विकास, प्रकृति के विपरीत जीवन शैली में सुधार करना, निरोग-काया, रचनात्मकता का विकास, मानसिक शांति प्राप्त करना, सहनशीलता में वृद्धि, नशा मुक्त जीवन, वृहद सोच, उत्तम शारीरिक क्षमता का विकास योग से ही संभव हो सकता है। उप सिविल सर्जन ने बताया कि आज युवाओं को बड़ी संख्या में योग से जड? की जरूरत है, जबकि युवाओं की बड़ी संख्या नशे की आदी हो चुकी है, जिससे उनका सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और शारीरिक नुकसान हो रहा है। युवाओं को नशे की लत से बचना है तो उन्हें योग को अपने जीवन में धारण करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा छोड? के लिए तो योग काफी मददगार साबित हो रहा है। योग के माध्यम से नशे को रोका और छोड़ा जा सकता है। उन्होंने योग के शरीर तथा आत्मा पर पड? वाले सकारात्मक प्रभावों की बात की। उन्होंने कहा कि योग नए उपयुक्त इलाज के तरीकों में शामिल है, जिससे सहज ही नशा मुक्ति वाले समाज की रचना की जा सकती है। योग अभ्यास करने वालों को सादा सात्विक भोजन करना चाहिए, तभी योग का भरपूर लाभ उठाया जा सकता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है तथा मन की स्थिरता के कारण अपनी दिनचर्या के सभी व सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। योग के अत्याधिक महत्व के कारण ही अब यह विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

## बाल विवाह समाप्त करने को लेकर महिलाओं ने ली शपथ



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कैलाश** सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण पर रोक को लेकर गाँव चौरा खालसा व गाँव गढीखजुर में जाकर लोगों को जागरूक किया। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने गाँव चौरा में अर्पणा ग्रुप की महिलाओं से मिलकर इस जागरूकता अभियान के बारे में बताया। अर्पणा ग्रुप से कमलेश ने कहा कि यह बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर इस तरह के जागरूकता अभियान को गाँवों के हर व्यक्ति, बच्चों व समुदाय के बीच ले जाने चाहिएं, ताकि कहीं पर भी बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन शोषण पर रोक लगाई जा सके। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह से बालिकाओं को अक्सर श्रम, दासता, व्यवसायिक यौन शोषण और हिंसा की स्थिति का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह एक कानून अपराध है। इसमें जमानत का प्रावधान नहीं है। यदि कोई भी 18 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति किसी 18 वर्ष से कम आयु की लडकी से विवाह करता है तो उसे 2 वर्षों का कठोर कारावास या 1 लाख का जुमार्ना दोनों दण्ड दिये जा सकते है। इसलिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक गाँव, स्कूल, समुदायों के अंदर चलाए जाने चाहिएं। ग्रुप की महिलाओं ने कहा कि बाल विवाह पर रोक, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को लेकर जो संस्था द्वारा जो अभियान चलाया गया है।

## आरोपियों ने कहासुनी के बाद सुलह के लिए पार्क में बुलाकर पीटा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** करनाल में एक छात्र की हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। छात्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह विदेश जाने के लिए आइलेट्स कर रहा था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय नरेन्द्र निवासी गांव बड़ौता, बस स्टैंड के पास एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट में आइलेट्स कर रहा था। किसी बात को लेकर दयाल सिंह कॉलेज के छात्रों के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दो दिन पहले नरेंद्र को मामले की सुलह करने के लिए कर्ण पार्क में बुलाया था। यहां दूसरे पक्ष के 5 से 6 आरोपियों ने उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल नरेन्द्र को उसके दोस्तों ने करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। सूचना पर पुलिस व परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

## अर्धनग्न हालत में मिला युवती का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। बडौता** गांव के पास पश्चिमी यमुना में युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला है। युवती ने महरून रंग की टी-शर्ट पहनी हुई है। ग्रामीणों ने युवती के शव को तैरता देख उसे बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। डायल-112 और मधुबन पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवती की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शव देखने में 10 से 12 दिन पुराना लग रहा है। युवती की उम्र लगभग 23 से 24 साल है। बॉडी पूरी तरह से गल चुकी है। लडकी के दाएं हाथ में एक कला दागा, बांए हाथ पर मोतियों से बना कड़ा, गले में तुलसी की माला और एक पैर पर काला धागा बंधा हुआ है।

## बाल कल्याण परिषद कर रही बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव रंजीता मेहता ने कहा कि सीखने की कोई उम्र या समय सीमा नहीं होती है। हर कोई पूरे जीवन भर कुछ ना कुछ सीखता ही है। बाल कल्याण परिषद बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है। वे गुरुवार को स्थानीय बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान आयोजित समारोह में बोल रही थी। उन्होंने करनाल जिला के बाल भवन में ग्रीष्मकालीन शिविर-2023 के सफल आयोजन पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक की भी प्रशंसा की। रंजीता मेहता ने कहा कि प्रदेश के बच्चों ने हर स्तर पर दूध दही खाणा, देशां मैय देश हरियाणा की कहावत को चरितार्थ किया है। हरियाणा के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी भी नहीं है। बच्चों को आगे निकलने के लिए केवल एक अवसर व बेहतर मंच की जरूरत है। इसके बाद उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। हरियाणा बाल कल्याण परिषद भी इसी दिशा में काम कर रही है और समर कैंप जैसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न गतिविधियां सीखने का मौका प्रदान करता है।

**समर कैंप में स्लम में रहने वाले बच्चों को मौका मिलना अत्यंत सराहनीय**

उन्होंने कहा कि करनाल के बाल भवन में आयोजित समर कैंप में स्मल एरिया के बच्चों को मौका दिया गया, जो अपने आप में बड़ी बात है। यहां पर क्रिएटिव राइटिंग व अन्य गतिविधियों में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जो अत्यंत सराहनीय है। स्लम में रहने वाले बच्चों को बहुत कम अवसर मिल पाते हैं। इन कैंप से निकलकर बच्चे जिला स्तर, राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। इन बच्चों को समय-समय पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया और उन्हें आगे बढने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा समर कैंप के दौरान सीखे गए समूह गान, समूह नृत्य, सोलो डांस, कविता पाठ, पेंटिंग, योग, जूडो व ताइकवांडो आदि का प्रदर्शन किया।

**बच्चों को समय दें माता-पिता**

रंजीता मेहता ने कहा कि मौजूदा समय में माता-पिता द्वारा बच्चों को समय देना चाहिए। हमें अपने बच्चों को संस्कारित बनाना चाहिए। यदि माता-पिता के पास समय नहीं है तो परिवार के अन्य सदस्यों को इस तरह की जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

## संपादकीय

# महिलाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा में सहभागी बनाएं

**बालिकाओं** और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से रबालिकाओं और स्त्रियों को केवल दया का पात्र समझकर उन्हें घर की चारदीवारी में ना रखें' अब समय आ गया है कि बालिकाओं को प्रारंभ से और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन ,प्रोत्साहन देकर परिवार समाज और राष्ट्रीय सहभागिता की मुख्यधारा में उत्तरोत्तर सहभागी बनाना चाहिए 'आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

# चुनावी रथ में सवार दलों की सत्ताकांक्षा



ललित गर्ग

"चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा कर रहे हैं, कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है"

**आजादी** के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। 2024 लोकसभा एवं इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है, वह पहली बार देखने को मिल रहा है की चुनाव के इतने लम्बे समय पूर्व ही चुनाव जैसी तैयारियां होती हुई दिख रही है। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक हो रहे हैं। विरोधी विचारधारा के दलों के साथ ग्रुप फोटो खिंचा रहे हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बता रहे हैं। कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे हैं। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक हुआ है, वहां राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरू कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा देश की डेढ़ अरब जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है। विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे हैं, इसके लिये विपक्षी दलों में एकजुटता के प्रयास हो रहे हैं। भाजपा एवं उसके सहयोगी दल भी अपनी स्थिति को मजबूती देते हुए पुनः सत्ता में आने के तमाम प्रयास कर रहे हैं। इसके लिये एनडीए ने भी नए साथियों की तलाश तेज कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की हाल में हुई तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की यात्रा से इसके पक्के संकेत मिले। भाजपा लंबे समय से दक्षिण भारत में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 2024 लोकसभा



चुनाव के लिए भी उसने इस सिलसिले में तैयारियां शुरू कर दी हैं। उत्तर भारत में वह पिछले लोकसभा चुनाव में जितना चमत्कारी प्रदर्शन किया गया कि इस बार उसे दोहराना उसके लिये जटिल प्रतीत हो रहा है। इसलिए अगर उसे फिर से बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आना है तो दक्षिण में सीटें बढ़ानी होंगी। इससे उत्तर भारत में सीटों की संख्या में संभावित कमी की भरपाई हो जाएगी। भाजपा इस योजना पर पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ बढ़ भी रही थी, लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनावों से उसे झटका लगा। इसके बाद से कहा जा रहा है कि भाजपा पहले जितनी ताकतवर नहीं रही। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। आम चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। कांग्रेस ने कर्नाटक की जीत को आम चुनाव की जीत से जोड़ने की जल्दबाजी दिखाना शुरू कर दिया है। जिस तरह हिमाचल एवं कर्नाटक में उसने मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लिया, उसे वह इसी वर्ष होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा एवं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में दोहराने को तत्पर है। इसका ताजा प्रमाण है जबलपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की यह घोषणा कि यदि राज्य में उनकी सरकार बनी तो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, रसोई गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में दिया जाएगा और महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने का भी वादा किया। उन्होंने इसे पांच गारंटी की संज्ञा दी। कुछ इसी तरह की गारंटियां कर्नाटक एवं हिमाचल में दी गयी थी, उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति नहीं देती। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां कांग्रेस देने की बात कर रही है, वैसी ही अन्य दल भी कर रहे हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी का सर्वे-सर्वा है। क्योंकि अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में उसने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही होते हैं, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्यअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।ह्ल लोकसभा चुनाव केवल दलों के भाग्य का ही निर्णय नहीं करेगा, बल्कि उद्योग, व्यापार, रक्षा आदि राष्ट्रीय नीतियों, राष्ट्रीय एकता, स्व-संस्कृति, स्व-पहचान तथा राष्ट्र की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग जाति का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर आती हुई दिखाई दे रही है। और दलों के आधार पर गठबंधन भी एक प्रदेश में और दूसरे प्रदेश में बदले हुए हैं। एक प्रांत में सहयोगी वही दूसरे प्रांत में विरोधी है। कुर्सी ने सिद्धांत और स्वार्थ के बीच की भेद-रेखा को मिटा दिया गया है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा कर रहे हैं, कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप कर्नाटक सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया।

## कविता

### लेखन का जादू

लिखने की चाह रखने वाले,
हर दिन लिखते रहो कुछ ना कुछ

लेखन में आएगा निखार,
बदल जाएगा सब कुछ

पंक्तियों को सजाते रहो
शब्दों को शब्द से जोड़ते रहो

होगा एक खाका तैयार
गजलें और कविताओं की
होने लगेंगी बौछार

कागज - कलम रखो हमेशा साथ
मन करे जिस पर , लिख लो रंग हाथ

एक - एक पंक्ति जोड़कर
लेखन हो जाएगा तैयार

सभी वही तो करते हैं
परिश्रम ही तो रंग लाते हैं

आपकी मेहनत कारगर होगी सचमुच
लिखने की चाह रखने वाले
हर दिन लिखते रहो कुछ ना कुछ
लेखन में आएगा निखार
बदल जाएगा सब कुछ।

अजय आनंद

## स्वास्थ्य शरीर ही नहीं सुन्दर काया भी देता है योग

**शहनाज हुसैन**

**यदि** आप अपने शरीर को डिटॉक्सीफाई करना चाहते हैं , अपनी माँस पेशियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तथा जिन्दगी के रोजमर्रा के तनाव से मुक्ति चाहते है तो आप केबल योग और प्राणायाम कीजिये

योग से चेहरे पर असली आभा का निखार आता है और आपकी रंगत भी निखार आती है तथा आपका चेहरा और ब्यक्तित्व बाकई में आकर्षक और मनमोहक दिखने लगते हैं / रोज सुबह प्राणायाम , अलोम बिलोम ,शीर्षाशन ,मत्स्य आसान से शरीर से बिषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं जिससे शरीर की पाचन प्रणाली सामान्य हो जाती है और रक्त का बहाब सही हो जाता है जिसके परिणाम स्वरुप त्वचा में खिंचाब आता है , झुर्रियां हट जाती हैं और आप सुन्दर और स्वस्थ दिखने लगते हैं योग आसनों से आप गहरी नींद पा सकते हैं , कोर्टिसोल स्तर कम हो जाता है , कोलेजन में बृद्धि होती है जिससे आपकी स्वास प्रणाली मजबूत होती है , आपके जोड़ों को चिकनाहट मिलती है , आपकी मांस पेशियाँ मजबूत होती हैं। योग में साँस लेने बाली क्रियायों तथा शरीर के बिभिन्न आसनों से हार्मोन्स सन्तुलित होते हैं तथा आंतडीयों में जमा गन्दगी बाहर आ जाती है जिससे हम हल्का और स्वस्थ महसूस करते हैं जिसे आंतरिक सौन्दर्य का नाम दिया जाता है /मेरा यह मानना है अगर आप शारीरिक रूप से सुन्दर हैं तो आपका सौन्दर्य चेहरे पर स्वभाबिक रूप से झलकेगा / कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुन्दरता , दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते है / बास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्रकृतिक तौर पर स्थाई रूप से सुन्दर तथा प्रभाबशाली भी बनाया जा सकता है तथा महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों , ,ब्यूटी सैलूनों के महँगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है /

, भारतीय आयुर्वैदिक पद्धति योग के साधारण आसनों के जरिए आप स्थाई आन्तरिक तथा बाहरी सौन्दर्य मुफत में आसानी में पा सकते है। प्रतिदिन महज आध घण्टा सुबह तथा शाम सूर्या नमस्कार, प्राणायाम, उत्थान आसन, कपाल भाती, धनुर आसन तथा सांसो की क्रिया के माध्यम से आप अपने यौवन, सौन्दर्य तथा प्राकृतिक आकर्षण को जीवन पर्यन्त बनाऐ रख सकते है। बालों तथा त्वचा के सौंदर्य को बनाए रखने में प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्राणायाम से जहां तनाव कम होता है वहीं दूसरी ओर शरीर में प्राण वायू का प्रभावी संचार होता है तथा रक्त का प्रभाव बढ़ता है। प्राणायाम सही तरीके से सांस लेने की बेहतरीन अदा है। प्रतिदिन 10 मिनट तक प्राणायाम से मानव शरीर की प्राकृतिक क्लीजिंग हो जाती है। प्राणायाम का आज पूरे विश्व में अनुसरण किया जाता है। प्राणायाम से मानव खोपड़ी में व्यापक आक्सीजन तथा रक्त संचार होता है। जिससे बालों की प्राकृतिक रूप से वृद्धि होती है तथा बालों का सफेद होना तथा झड़ने जैसी समस्या को रोकने में भी मदद मिलती है।

## विचार

# रिजेक्शन को सिलेक्शन में कैसे बदलें ?

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

**जिस** तरह से हमारे कदम आधुनिकता की तरफ तकनीकी के साथ जुड़ कर तेजी से आगे बढ़ रहे है उसी अनुपात में नई घटना और आश्चर्यचकित करने वाली बातें निकल कर सामने आ रही है` जिन पर आज बहस करना और समाधान खोजना बेहद जरुरी हो गया है` यदि आप नियमित समाचार पत्र पढ़तें हो तो आपकी जानकारी में यह होगा की नव-युवक और युवतियाँ रिजेक्शन को बर्दास्त नहीं कर पा रहें है और अनुचित कदम उठाने से गुरेज नहीं कर रहें` जब भी किसी परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आता है तो ऐसी घटनाएँ देखने को अक्सर मिल जाती है` आज अधिकांशतः ऐसा प्रचलित हो गया है की सफल लोगों की ही धाक और इज्जत है असफल लोगों की नहीं` जबकि सच्चाई यह है की प्रारंभ में असफल लोगों ने देश समाज को कुछ बड़ा दिया है` बचपन से यह सिखाया जाने लगा है की डॉक्टर, इंजिनियर, और सरकारी नौकरी के अतिरिक्त जीवन कही नहीं है` आधुनिकता की पहुँच मोबाइल के रूप में सभी के हाथों में है` सामाजिक नियंत्रण अब टूट चूका है` जिस उम्र में पढ़ाई करनी है उस उम्र में लोग अपराध कर रहें है` बाजारवाद का दबाव न केवल वयस्क लोगों पर है बल्कि नन्हे-मुन्नों को भी अपने नियंत्रण में तेजी से लेता चला जा रहा है` पाश्चात्य संस्कृति हम पर अब भारी होने लगी है` पारिवारिक सम्बन्धो और संस्कार को बिना नियत्रण के वेब-सीरीज हर उम्र हर तबके को प्रसारित कर कुछ ऐसा सीखा रहें है जिसका परिणाम भयावह होने से शायद ही कोई रोक सकें` इन तमाम कारणों की वजह से रिजेक्शन को बर्दास्त नहीं किया जा रहा है जबकि सामान्य रूप से उसे स्वीकार्य कैसे किया जाए ? इस पर कदम उठाने की जरूरत है। रिजेक्शन को फेस करना चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है की सभी को इसका अनुभव होता है आप एकलौतें इस संसार में नहीं है जिसने इसका बुरा अनुभव किया है , आपसे पहले भी और बाद भी लोग इसका अनुभव करेंगे।जब किसी को रिजेक्ट किया जाता है तो वह न केवल भारी दर्द को महसूस करता है बल्कि निराशा अपने चरम पर आ जाती है परिणाम स्वरुप व्यक्ति बेहद दुखी और क्रोध में हो जाता है और क्षण - भर में गलत निर्णय की तरफ न केवल आकर्षित हो जाता है बल्कि सब कायदे कानून भूल कर अपराध कर बैठता है` ऐसी स्थिति जब भी उत्पन्न हो दिमाग को ठंडा रखकर रिजेक्शन को स्वीकार करना चाहिए` क्योंकि एक सफल इन्सान के जीवन की पहली सीढ़ी रिजेक्शन ही है जिससे आप न केवल मजबूत बनते है बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करतें है। कभी भी रिजेक्शन को व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिजेक्शन कभी भी रिफ्लेक्शन नहीं हो सकता` एक व्यक्ति के अंतर्गत अनेकों ऐसी खूबियाँ है जिसके माध्यम से वह अनेकों लोगों को प्रभावित कर सकता है साथ ही ऐसे कई बड़े काम कर सकता है जिससे इतिहास में उसका नाम दर्ज हो सकें` बड़े कलाकार, सेलेब्रिटी, बड़े अधिकारी, बिजनस मैन एक दो नहीं अनेकों बार प्रारम्भ में रिजेक्ट हुए है` पर जीवन में इसे स्वीकारना और आगे बढ़ना जरुरी होता है` आपकी इच्छा शक्ति रिजेक्शन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से न केवल आपको लड़ना सिखा देगा बल्कि जीवन को सामान्य रूप में लाने में मदद करेगी। रिजेक्शन एक ऐसा अनूठा अनुभव है जिसे आप गहराई से समझ कर स्वयं की न केवल पहचान कर सकतें है बल्कि स्वयं के लिए लाभप्रद गत-विधियों में तेजी से आगे बढ़ सकतें है` मुशीबतें ही अवसर प्रदान करती है, न की सामान्य परिस्थितियां` इस बात को जितने जल्दी हम स्वीकार कर ले की रिजेक्शन जीवन का एक अहम् हिस्सा है जिससे सभी को दो चार होना ही पढ़ता है फिर चाहे निजी जीवन में हो, सामाजिक जीवन में, व्यावसायिक जीवन में हो या शैक्षिक जीवन में हो, स्वीकार कर लेने से हम विजेता बन जातें है` सबसे अहम् पहलू यह है की किसी भी विषय/ क्षेत्र में आप को रिजेक्ट होने के पश्चात लगातार पुनः कोशिश करना ही आपको आपके मुकाम तक पहुंचा सकता है। हम सभी को अपने आप को यह अनुमति देनी चाहिए की हम अपनी भावनाओं को महसूस कर सकें पर हम पर रिजेक्शन भारी न हो इसका भी ध्यान रखना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रश्नकाल भारतीय संसद का महत्वपूर्ण साधन

**सलिल सरोज**

**लोक**सभा/राज्य सभा की प्रत्येक बैठक का पहला घंटा लोक सभा/राज्य सभा में सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने और उनके उत्तर देने के लिए समर्पित होता है। प्रश्न पूछना सदस्यों के लिए उपलब्ध सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी तंत्र है। प्रासंगिक प्रश्न उठाकर, सदस्य न केवल प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों और उनके कार्यान्वयन के बारे में एक विचार प्राप्त करते हैं, बल्कि जनता के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही भी सुनिश्चित करते हैं। इतना ही नहीं, सदस्यों द्वारा सदन के पटल पर प्रश्नों के माध्यम से उठाए गए मुद्दे मंत्रालयों को अपने कार्यक्रमों में संशोधन/परिवर्तन लाने और विभिन्न संस्थानों/निकायों के कामकाज में सुधार करने के लिए मजबूर करते हैं। सदस्यों को सरकारी बाधाओं, यदि कोई हो, के बारे में भी पता चलता है। प्रश्नकाल को दिए गए महत्व के स्तर का आकलन प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों की उपस्थिति और खचाखच भरी प्रेस और आधिकारिक दीघाओं से किया जा सकता है। एक घंटे के प्रश्नों में लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय स्तर पर सुस्थापित समयबद्ध अभ्यास शामिल होता है। इसी प्रकार, एक दिन के सूचीबद्ध प्रश्नों के उत्तर सरकार के स्तर पर किए गए गहन कार्य का परिणाम हैं। और फिर, जब प्रश्नकाल शुरू होता है और सदस्य पूरक प्रश्न उठाना शुरू करते हैं, तो सदस्यों के हाथों में इस तंत्र का वास्तविक प्रभाव सामने आने लगता है। दिन का पहला घंटा होने के कारण अक्सर प्रश्नकाल बाधित हो जाता है। प्रश्नकाल के निलंबन की मांग करते हुए, विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित सदस्य सार्वजनिक हित के मामलों को उठाते हैं, जो उनकी राय में, सरकार के तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। नतीजतन, सूचीबद्ध व्यवसाय नहीं लिया जा सकता है। प्रश्नकाल के दौरान व्यवधान के मामले को हमेशा इस संसदीय साधन में निवेश किए जाने वाले भारी समय और धन को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से देखा गया है और जो व्यवधान की स्थिति में बर्बाद हो जाता है। प्रश्न, एक संसदीय साधन के रूप में, सदस्यों से अधिकतम प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं।

## कैसे कैसे पढ़क्कू

**डॉ. सुरेश कुमार**

**साहब ब**हुत पढ़े-लिखे थे। दीवार पर टंगी डिग्रियाँ इसी बात का साक्ष्य दे रही थीं। कागज पर एमए अंग्रेजी में गोल्ड मेडलिस्ट और हकीकत में ईटिंग-स्लिपिंग को पार नहीं कर पाए। जागते हैं तो ईटिंग और सोते हैं तो स्लिपिंग। अपने जरूरत के कामों के लिए कम, गो, गिव जैसे जरूरी शब्द सीख लिए हैं। पसंदीदा शब्दावली में इडियट, रास्कल, नॉनसेंस और बास्त्रटर्ड की जपमाला बना रखी है। सबसे ज्यादा इसी को फेरते रहते हैं। इस जपमाला के चलते साहब की ह्यतगड़ीह्ल अंग्रेजी के सामने किसी के आने की हिम्मत नहीं होती थी। साहब का एक ड्राइवर था। ड्राइवर इसलिए कि वह मेहनती था। आलसी होता तो बड़ा साहब न बन जाता। मेहनत करने के शार्टकर्ट नहीं होते। सब स्ट्रेटफॉर्वर्ड होता है। जबकि आलस के लिए बहाने बनाने पड़ते हैं। दिमाग दौड़ाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में इंसान ठेकेदार से लेकर वकील, इंजीनियर, डॉक्टर और स्कॉलर बन जाता है। एक झूठ को छिपाने के लिए हजार सच्चाइयों का गला घोंटना पड़ता है। यह काम बड़ा ही सच्चा धूर्त ही कर सकता है। सो साहब का ड्राइवर पढ़ा-लिखा तो था लेकिन खरीदी गई डिग्री वाले साहब का गुलाम था। आजकल असली डिग्रियाँ नकली डिग्रियों की सुरक्षा में चौक-चौबंद रहती हैं। एक दिन साहब किसी दावत से लौट रहे थे। फोकट की दावत थी सो दबाकर खा लिया। रास्ते भर ऊँघते रहे। ड्राइवर बड़ी सावधानी से चला रहा था। साहब की नींद न टूटे इसके लिए मक्खन से भी स्मूथ ड्राइविंग का नजारा पेश कर रहा था। लेकिन हर स्मूथनेस का एक अंत होता है। ड्राइवर ने अचानक से गाड़ी की गति धीमी की। साहब नींद में बडबड़ाने लगे, इडियट तुमने गाड़ी क्यों स्लो कर दी। पता नहीं यह हमारे बाप की सड़क है। किसमें इतनी मजाल जो हमारा रास्ता रोक दे। इतना सब कहते हुए वे ऊटपटांग भाषा में चालीस सेकंड वाली अपनी अंग्रेजी जपमाला बार-बार रिपीट कर रहे थे। यह देख ड्राइवर ने कहा, साहब रास्ते में स्पीड ब्रेकर है। बिना धीमे किए आगे नहीं बढ़ सकते। यह सुन साहब ने कहा, कौनसा स्पीड ब्रेकर?, कैसा स्पीड ब्रेकर। उसे पता नहीं हम कौन हैं? उसकी इतनी मजाल कि हमारा रास्ता रोक दे। बास्टर्ड पर इतना हॉर्न बजाओ कि दुम दबाकर भाग जाए।

# भाजपा की नीतियों से करवाया अवगत



## 8 जागरूकता अभियान चलाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राई हलके से यात्रा की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**भाजपा युवा** मोर्चा द्वारा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में पार्टी की नीतियों से अवगत करवाने व जागरूकता अभियान चलाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राई हलके से यात्रा की शुरूआत की। यात्रा को भाजपा के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी ने रवाना किया। उन्होंने बताया कि यात्रा सोनीपत की 6 विधानसभा में मोटरसाईकिलों पर 9 साल बेमिसाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जन कल्याण व राष्ट्र निर्माण के कामों के प्रति जागरूक करेगी ताकि लोगों को पार्टी द्वारा जनहित में किए गए कार्यो का पता लग सके। राई से विधायक व हरियाणा भाजपा के महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई व युवा कार्यकर्ताओं को व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी ने बताया कि मोटरसाईकिल यात्रा राई विधानसभा के एतिहासिक गांव बड़खालसा से शुरू हुई, यात्रा का गांव के सरपंच राकेश ने स्वागत किया। यात्रा में भाजपा सोनीपत के विस्तारक दिनेश व्यास ,राई भाजपा विस्तारक रामहेर कोयल, सतीश नांगल, संदीप कौशिक,भाजपा युवा जखौली मण्डल अध्यक्ष जनेंद्र चौहान, अरुण चौहान ,अनिल ,मनोज,दलबीर , सत्यवान,दिलबाग आदि के साथ करीब 80 युवा कार्यकर्ता 40 मोटरसाईकिल पर सवार होकर भगवा कपड़े पहने व हाथों में भाजपा का झंडा लेकर पार्टी हितैषी नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा जखौली मण्डल के गांव बड़खालसा ,रसोई गांव में सरपंच अशोक द्वारा भव्य स्वागत किया, नांगल कला गाँव में सरपंच अनिल,धर्मपाल,सतीश नांगल,सुनील कौशिक आदि मौजूद थे। यात्रा का अटेरना गांव में बहुत अरुण चौहान व सरपंच रविन्द्र अटेरना ने स्वागत किया। इसके बाद यात्रा मनोली से भैरा बाकीपुर पहुंची जहां प्रधान जयराम ने स्वागत किया, खटकड़ गांव में सरपंच योगेश व दहिसरा गांव के प्रधान धीर सिंह ने युवाओं का हौसला बढ़ाया।

जाटी कला में सरपंच सुरेंद्र व नवीन ने स्वागत किया। यात्रा का समापन नाथुपुर के प्रधान साहब सिंह व इसाक डा. ने जोरदार स्वागत से किया। यात्रा में सभी गांवों के मौजूद व्यक्तियों, सरपंच, व सरपंच प्रतिनिधियों व चौपालों में स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए एतिहासिक कार्य धारा 370 को हटाना,राम मंदिर का अयोध्या में निर्माण, नए संसद भवन का बनाना ,तीन तलाक के मुक्ति, इंडिया का विश्व पटल पर नंबर 1 बनना, सोनीपत संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड 12 नेशनल हाईवे का निर्माण, खरखौदा में मारुति फैक्ट्री का शिलान्यास ,गन्नौर में रेल कोच फैक्ट्री व एशियाई की सबसे बड़ी फल फ्रूट मंडी के दूसरे फेस के निर्माण की शुरूआत, आईआईटी व आतंकी गति विधियों पर रोक आदि के बारे में बताया। योगेश ने कहा कि भाजपा ने 2024 की चुनावी की तरफ भी कदम बढ़ा दिया। इस मौके पर युवाओं ने पार्टी हितैषी नारे लगाए।

# पीएम मोदी ने विश्व में बढ़ाया देश का सम्मान: महीपाल ढांडा

## ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा एक लंबे अरसे के बाद हुए मीडिया से रूबरू



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** ग्रामीण विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महीपाल ढांडा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने 9 साल के कार्यकाल में अपने देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाने का काम किया है। मोदी जी की नीतियों का ही परिणाम है कि आज जहां विश्व के ज्यादातर देश महंगाई की मार से परेशान है वहीं भारत में महंगाई की दर बहुत ज्यादा कम है। मोदी जी ने देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान बढाने का काम किया है। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार ने अभी से 2047 तक भारत को विश्व का सबसे शक्तिशाली देश बनाने की नीति पर काम करना शुरू कर दिया है और भारत एक बार फिर से विश्व गुरू बनेगा। महीपाल ढांडा बृहस्पतिवार को रेस्ट हाउस में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बिंझौल, डिप्टी मेयर रविंद्र फूले, पार्षद पवन राणा, कृष्ण आर्य, देवेंद्र संधु व अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में ग्रामीण हलके की कालोनियों के लोग नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे थे। भाजपा सरकार आने पर उन्होंने बाहरी कालोनियों को वैध करवाने का काम किया और कालोनियों की सभी गलियों व सड़कों को पक्का करवाया गया। कालोनियों में सीवर व पानी की लाईन डलवाई गई। जिससे आज कालोनियों के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। वहीं विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि ग्रामीण हलके के गांव खोतपुरा की सीएचसी में दिल्ली के एम्स जैसी सुविधाओं से युक्त करीब 12.50 करोड़ रूपए की लागत से बडे स्तर की लेबोरेटरी बनाई जाएगी।
इसके लिये भूमि ट्रांसफर हो चुकी है और 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले उसमें टेस्ट होने शुरू हो जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली से हीरो होंडा बाईक चोरी कर गन्नौर बेचने आए युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गन्नौर।** दिल्ली के आनंद पर्वत से हीरो होंडा मोटरसाइकिल चोरी करके गन्नौर में बेचने आए युवक को पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया । जानकारी के अनुसार एस सी प्रवीण अपनी टीम के साथ शहर के देवीलाल चौक पर वाहनों की जांच का अभियान चलाए हुए थे । इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली से मोटरसाइकिल चोरी करके आया युवक गन्नौर में बेचने की फिराक में है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसटी रोड पर नाकाबंदी कर दी और उसे गुमड गांव की तरफ से आते हुए तुरंत काबू कर लिया । पकड़े गए युवक की पहचान मुस्तकीम , आनंद पर्वत , दिल्ली निवासी के रूप में हुई । पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक से जब मोटरसाइकिल के कागजात मांगे तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर दिल्ली निवासी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया ।

### चैरिटेबल अस्पताल के रिसेप्शन से एलईडी, की बोर्ड व मोबाइल फोन चोरी

**गन्नौर। शहर** में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं कि वे पुलिस स्टेशन के सामने भी चोरी की वारदात को अंजाम देने से परहेज नहीं कर रहे। गत 13 जून की रात को अज्ञात चोर ने 3 बजकर 15 मिनट पर पुलिस स्टेशन के सामने बने महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल अस्पताल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया । चोर ने अस्पताल के रिसेप्शन पर लगी हजारों रुपए की एलईडी, एक कंप्यूटर का की बोर्ड व मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया । चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी की शिकायत अस्पताल के कर्मचारियों ने अस्पताल प्रबंधन को दी । इसके बाद महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान हरिप्रकाश जिंदल ने चोरी की पुलिस को लिखित में शिकायत दी। शिकायत में हरि प्रकाश जिंदल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा में चोरी करते हुए युवक साफ दिखाई दे रहा है । चोरी की शिकायत उन्होंने पुलिस को दी । पुलिस ने अस्पताल के प्रधान की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### अंसल एपीआई में यूडीलैंड को बिना प्लानिंग ही बेचकर किए गए सैकड़ों करोड़ के घोटाले को डीटीपी अधिकारी दबाने की फिराक में: स्वामी

**पानीपतः अंसल सुशांत** सिटी पानीपत के साथ साथ हरियाणा के कई जिलों में अंसल मालिकों और उसके मैनेजर तेजिंदर पाल सिंह द्वारा डीटीपी अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके यूडीलैंड की बिना प्लानिंग किए ही बेचकर सरकार के साथ सैकड़ों करोड़ रुपए का घोटाला किया गया। जिसकी शिकायतें उनके द्वारा पानीपत से लेकर चंडीगढ़ के उच्च अधिकारियों को पिछले 3 साल से की जा रही है लेकिन यह अधिकारी इस इतने बड़े घोटाले को दबाने के लिए फाइलों को दबा कर बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग को भी चंडीगढ़ में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया था लेकिन उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई अगर इस पर कार्रवाई होती है तो कई जिलों के डीटीपी और डीटीपी हेड क्वार्टर तक जेल की सलाखों के पीछे होंगे जिन को बचाने के लिए कुछ अधिकारियों द्वारा मामले को लटका कर दूसरे रास्ते निकालने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि मनोहर लाल खट्टर अपने आप को ईमानदार मुख्यमंत्री कहलाते हैं लेकिन उनके विभाग में ही सैकड़ों करोड़ का घोटाला हो और वह मूकदर्शक बनकर इसको देखते रहे तो इससे उनकी ईमानदार छवि पर प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि जिस जमीन को किसान ने बेचा नहीं और सरकार ने खरीदा नहीं फिर उसको अंसल मालिक किस हैसियत से बेच सकते हैं यह सभी जमीने बचत की ,कुए की होती है बहुत सी यूडीलैंड तो ऐसी है जिनके बीच से सरकारी रास्ते गुजरते हैं उनकी भी इन लोगों द्वारा रजिस्ट्री करवा दी गई जोकि खुद में एक बहुत बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा कि डीटीपी हेड क्वार्टर चंडीगढ़ द्वारा सैकड़ों करोड़ के घोटाले को दबाने के लिए कई प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं और इस भूमि की प्लानिंग तक करवाने का प्रयास चल रहा है।

# सीवरेज समस्या का हुआ समाधान



**टीम एक्शन इंडिया / सोनीपत**
**सैक्टर 15** में सीवरेज ओवरफ्लो का गंदा पानी जगह-जगह बहने की समस्या का स्थाई समाधान होगा, इसके लिए सैक्टर 16-15 की डिवाईडिंग रोड़ पर मेन होल बनाकर 12 वर्ष पूर्व डाली गई सीवर लाईन में आठ स्थानों पर कनेक्शन जुड़वाये गये हैं। लाईन जोड़ने के कार्य को हुड्डा के कनिष्ठ अभियंता रोहित कुमार के साथ देखने पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बताया कि सैक्टर में विभिन्न ब्लाक में गंदा पानी बहता रहता था, शिकायत करने पर सीवरेज की सफाई हो जाती थी परन्तु फिर हालात जस के तस बन जाते थे। उन्होंने बताया कि सीवर में पानी का आधा लोड सैक्टर 16 वाली लाईन से हो जायेगा और आधा वाया 14 सैक्टर ड्रेन न०. 6 में चला जायेगा, इससे समस्या खत्म हो जायेगी। राजीव जैन ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व सैक्टर 16 के साथ बड़ी सीवरेज लाईन डाली गई थी जो ट्रक यूनियन के पास से होते हुए राठधना स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की लाईन में जोड़ी जानी थी।

परन्तु ट्रक यूनियन के पास कोर्ट का स्टे होने के कारण इतने वर्षों तक नहीं जुड़ पाई। शहरों में सीवरेज व्यवस्था सुधारने के लिए भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा मंजूर अमरुत योजना पर काम शुरू हुआ तो फाजिलपुर पावर हाउस की जमीन लेकर सीवरेज कनेक्शन का काम पूरा किया गया। भाजपा नेता ने बताया कि शहर में जितनी भी अवैध कालोनियां थी, वह पिछले 15 वर्षों से पानी-सीवरेज व्यवस्था से वंचित थी, भाजपा सरकार ने अमरुत योजना के तहत इन कालोनियों में पानी-सीवरेज की सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया। उन्होंने बताया कि राठधना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की ड्रेन न०. 6 के साथ डाली गई बड़ी लाईन भी जर्जर हो चुकी थी, यह भी अमरुत योजना के तहत बदली गई है जिससे शहर की आधी आबादी की सीवरेज समस्या का समाधान हुआ है।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देगा सैनी समाज, 18 जून को बुलाई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**एकजुटता** से क्या सुधार किए जाएंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। इसी पर मंथन करने, सुझाव व विचार साझा करने की पहल सैनी सभा (रजि.) करने जा रही है। इसके लिए 18 जून को सुबह 11 बजे रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में बैठक होगी। इसमें बुद्धिजीवी एवं शिक्षक, प्रवक्ता, अधिवक्ता, इंजीनीयर, पत्रकार, कोलिजियम सदस्य सहित समाज के सम्मानित सदस्यों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में सैनी सभा प्रधान बिशन कुमार सैनी ने बताया कि समाज के विकास के लिए सैनी शिक्षण संस्थान द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु यह बैठक बुलाई जा रही है। इसकी घोषणा उन्होंने पिछले माह शपथ ग्रहण समारोह में की थी। उसी पर अमल करते हुए यह पहल समाज के सहयोग से की जा रही है। वह चाहते है कि समाज के सभी कार्यरत व सेवानिवृत शिक्षक प्रवक्ता, अधिवक्ता, इंजीनीयर, पत्रकार, कोलिजियम सदस्य व समाज के गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। उन्होंने कहा कि अपने सुझाव, विचारों की हस्तलिपि बैठक शुरू होने से पहले अपने पूर्ण विवरण सहित अंग्रेजी प्रवक्ता हुकम सैनी को दें ताकि आपसी सहमति से शिक्षा जगत में आगे बढ़ सकें।

# भागवत कथा के श्रवण से मिलती है आत्म संतुष्टि: सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से आत्म संतुष्टि मिलती है। पुण्य कर्मों के उदय होने पर भागवत कथा के श्रवण का सुअवसर मिलता है। विधायक सुरेंद्र पंवार कच्चे क्वार्टर स्थित जंज घर में घर-घर तुलसी ठाकुर सेवा मिशन के तत्वावधान में अयोजित श्रीमदभागवत महापुराण अमरकथा में शिरकत करने के उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज व कथा व्यास आचार्य विपिन वशिष्ठ से आशीर्वाद लिया।



विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि भागवत समर्पण की कथा है। इसके श्रवण से जीवन का सच्चा सुख मानसिक शांति मिलती है। श्रीमद भागवत सत्य पर चलने का मार्ग बताती है और चित को आनंद देती है। तीन प्रकार के प्रकोप से रक्षा करती है। श्रीमदभागवत कथा जीवन की व्यथाओं को समाप्त करने और घर में सुख समृद्धि देने वाली है। उन्होंने कहा हमेशा प्रभु के चरणों में ध्यान देने वाले की पुकार भगवान सुनते है। दुखों से मुक्ति मिलती है। संसार में सुख मिलता है।

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर 50 अवैध कट किए जाएंगे बंद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। दिल्ली-जयपुर** हाईवे पर 50 से अधिक अवैध कट को बंद करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अभियान शुरू कर दिया है। सबसे पहले हाईवे के बरसाती नाले को भरा जा रहा है. इन अवैध कट की वजह से हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से हादसे का खतरा रहता है।

एनएचएआई के अनुसार अभियान के लिए गुरुग्राम और रेवाड़ी जिला उपायुक्त से सहयोग मांगा गया है। दोनों उपायुक्तों की ओर से जरूरत पड़ने पर पुलिस बल मुहैया कराने का आश्वासन मिला है।

# हरियाणा में सुरजेवाला ही कांग्रेस को दिला सकते है सत्ता: बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में ऐतिहासिक व प्रचंड जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कर्नाटक चुनाव में ऐतिहासिक व प्रचंड जीत के मुख्य सूत्रदार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला रहे है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रणदीप सुरजेवाला ने कर्नाटक में जीत का परचम लहराया है उसकी प्रकार हरियाणा में भी सुरजेवाला ही कांग्रेस को सत्ता दिला सकते है। इस बात का प्रमाण गत दिवस कैथल में रणदीप सुरजेवाला के सम्मान में आयोजित समारोह में जुटी अपार जनसमूह ने दिखा दिया है। सम्मान समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणदीप सुरजेवाला का कर्नाटक रण जीतने के बाद कैथल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। सम्मान समारोह में अपने प्रिय नेता रणदीप सुरजेवाला से मिलने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि नवनियुक्त प्रभारी दीपक बाबरिया व कर्नाटक प्रभारी एवं राज्यसभा संसद रणदीप सिंह सुरजेवाला हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाने में नई दिशा का मार्गदर्शन करेंगे और आम जानता को साथ लेकर और उनके मुद्दे लेकर गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और जनता को फिर से विकास रोजगार तथा भाईचारा कायम करेंगे। किसानों मजदूरों व बेरोजगार जवानों के हक की लड़ाई लड़ेंगे। बवेजा ने दावा किया कि प्रभारी दीपक बाबरिया व रणदीप सुरजेवाला की अगुवाई व कुशल रणनीति से हरियाणा में कांग्रेस का आना निश्चित है। उनका नेतृत्व एवं कार्यशैली का प्रभाव दूसरे राज्यों में भी देखने को मिलेगा।

बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर पाकिस्तान विभाजन के समय शहीद खत्री पंजाबियों का स्मारक बनाया जाएगा। बवेजा ने कहा कि हरियाणा में जनता गठबंधन सरकार की कार्यशैली से बहुत ही दुःखी हो चुकी है और रणदीप सिंह सुरजेवाला को नीडर हर वर्ग का दुख सुख समझने वाला नेता के रूप में मानती है। आमजन सुरजेवाला को सबको साथ लेकर चलने वाले नेता मान चुकी है और उनकी ओर आस लगाने लगी है क्योंकि वो एक साफ छवि के इंसान तथा हाईकमान की पहली पसंद है। राजनीति के चाणक्य एवं कांग्रेस पार्टी के संकट मोचक माने जाते है। कर्नाटक विजय के बाद कैथल पहुंचने पर आमजन ने देर रात तक भरपूर स्वागत किया व अपना आशीर्वाद दिया।

# पानीपत के एसपी ने सीआईए वन पुलिस टीम को किया सम्मानित



**पानीपत,15 जून/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत** के एसपी अजीत सिंह शेखावत ने एटीएम उखाड़कर ले जाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना सहित चार बदमाशों को पकड़ने वाली सीआईए वन टीम को बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। गिरोह को पकड़ने के लिए सीआईए वन टीम प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक के नेतृत्व में 12 पुलिस कर्मियों को शामिल कर सभी को अलग-अलग काम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसपी शेखावत ने कहा कि टीम में शामिल सभी पुलिस कर्मियों ने बड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है, जिसके परिणाम स्वरूप शातिर गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली। उन्होंने टीम में शामिल प्रत्येक पुलिसकर्मी के कार्य की सराहना करते हुए तृतीय श्रेणी प्रशंसा पत्र व नगद इनाम देकर सम्मानित करने के साथ ही टीम का उत्साह वर्धन किया। एसपी ने कहा कि वे भविष्य में भी टीम से इसी प्रकार से कार्य करने की उम्मीद रखते है। टीम के सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक, एसआई राजकुमार, एचसी अनिल व बिजेंद्र और सिपाही बलदेव, युगल, मोहित, अनिल, गोपाल, दिनेश,अमित व राजू शामिल है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# विद्यार्थियों को गलत कोड का पेपर किया गया वितरित

## कॉलेज द्वारा अलग क्वेश्चन पेपर देने की वजह से विद्यार्थियों को पेपर खाली छोड़कर आना पड़ा

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** और कॉलेज की लापरवाही का अंजाम विद्यार्थियों को भुगतना पड़ा , एमएससी मैथ्स के विद्यार्थियों को रॉन्ग कोड का पेपर दिया गया। कॉलेज द्वारा अलग क्वेश्चन पेपर देने की वजह से विद्यार्थियों को पेपर खाली छोड़कर आना पड़ा। सीवाईएसएस ने गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के विद्यार्थियों के साथ आज वीसी ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन। सीवाईएसएस से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत



बराड़ ने कहां की 1 जून को एमएससी मैथ्स का पार्शियल डिफरेंशियल इक्वेशन की परीक्षा थी जिसमें विद्यार्थियों को रॉन्ग क्वेश्चन पेपर दिया गया , ये घटना सिर्फ एक कॉलेज की नहीं है काफी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को गलत पेपर दिया गया और यमुनानगर के खालसा कॉलेज में तो कॉलेज प्रशासन ने यूनिवर्सिटी द्वारा पेपर के 2 घंटे बाद मेल गई थी वो भी चेक नहीं की, वहां विद्यार्थियों को रॉन्ग कोड का ही पेपर दिया गया और उनको कोई दूसरा पेपर नहीं मिला । जिसकी वजह से सभी विद्यार्थियों ने पेपर खाली छोड़ कर आना पड़ा, क्योंकि विद्यार्थी जिस पेपर की तैयारी करके आए थे, उनको वो क्वेश्चन पेपर मिला ही नहीं। अगर ये पेपर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दोबारा नहीं लिया गया तो विद्यार्थियों का 1 साल खराब हो जाएगा। इसलिए आज यमुनानगर खालसा कॉलेज के सभी विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आए और वीसी के सामने बैठ कर प्रदर्शन किया।

# केयू ने बढ़ाई दाखिले के लिए आवेदन की तिथि

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र**
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार विद्यार्थी हित में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने वर्ष 2023-24 में केयू के विभिन्न विभागों के पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड पीजी इंटीग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि दाखिले के इच्छुक आवेदक अब केयू पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड इंटीग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए बिना विलम्ब शुल्क के 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड इंटीग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा संबंधी शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। ऑनलाइन दाखिले के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है तथा पूरी दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट केयूकेडॉटएसीडॉटइन से प्राप्त कर सकते हैं।

# मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में आग

## आग लगने के बाद कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्र रस्सी के सहारे नीचे उतरकर जान बचाते हुए दिखे, इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा

### फायर सेफ्टी जरूरी

= आग लगने के बाद कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्र बाहर की ओर लटकी हुई रस्सी के सहारे नीचे उतरे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के मुखर्जी नगर इलाके के कोचिंग सेंटर में आग लगी है। मौके पर दमकर की 11 गाड़ियां पहुंच गई हैं। कोचिंग सेंटर की तीसरी मंजिल पर आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग लगने के बाद कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्र रस्सी के सहारे नीचे उतरकर जान बचाते हुए दिखे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। कोचिंग सेंटर के चार छात्र घायल बताए जा रहे हैं। आग लगने के बाद कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्र बाहर की ओर लटकी हुई रस्सी के सहारे नीचे उतरे। जानकारी के लिए बता दें कि मुखर्जी नगर में बत्रा सिनेमा के पास गयाना भवन है, जहां पर आग लगी है। दमकल की कुल 11 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर में धुंआ फैलने की वजह से छात्रों में अफरातफरी मच गई। सभी छात्रों को बचा लिया गया है। दिल्ली पुलिस की पीआरओ सुमन नलवा ने बताया कि आग बिल्डिंग के मीटर में लगी थी।




### 'सभी को सुरक्षित निकाला गया'

**दमकलकर्मियों** ने स्थानीय लोगों की मदद से इमारत में फंसे सभी युवाओं को सुरक्षित निकाल लिया। करियर आउटलुक इंस्टीट्यूट के फैकल्टी डॉ. संजन कुमार के मुताबिक, आग का कारण नीचे बेसमेंट के मीटर में स्पार्किंग था, कोचिंग संस्थान दूसरे की लापरवाही का शिकार हुआ।

धुंआ ऊपरी मंजिल पर फैल गया जिसके कारण अफरा तफरी मच गई। वहां सिविल सर्विसेस का कोचिंग सेंटर था, कुछ छात्र खिड़की से नीचे आने का प्रयास कर रहे थे। इसमें 3-4 छात्रों को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगते ही घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गई। हालांकि अब आग पर काबू पा लिया गया है और एक घायल छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया है। बता दें कि बत्रा सिनेमा के पास स्थित ज्ञाना बिल्डिंग में कोचिंग सेंटर चल रहा था और आज दोपहर करीब 12.27 बजे यहां आग लगी। **वहीं इस पूरे** मामले पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी लंदन जाकर दिल्ली के शिक्षा मॉडल का बखान करती है परंतु 9 वर्षों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने की दिशा में एक कदम भी नही उठाया है।



### आग की ये घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्णः केजरीवाल

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने बताया कि आग की ये घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ छात्र बचने के प्रयास में मामूली रूप से घायल हुए हैं, बाकी सभी छात्र सुरक्षित हैं। घबराने की बात नहीं है, दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। ज़िला प्रशासन भी मौके पर मौजूद है।



### तीसरी मंजिल पर चल रहे सेंटर में फायर एग्जिट नहीं

**मुखर्जी** नगर इलाके में स्टूडेंट्स प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ सिविल सेवाओं की तैयारी करते हैं। जिस सेंटर में आग लगी वहां 200 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे, साथ ही वहां फायर एग्जिट नहीं था, इस कारण स्टूडेंट्स खिड़की से कूदकर जान बचाने को मजबूर हुए। पुलिस के मुताबिक आग बिल्डिंग के मीटर में लगी थी। धुंआ ऊपरी मंजिल पर फैल गया जिसके कारण अफरा-तफरी मच गई। वहां सिविल सर्विसेस का कोचिंग सेंटर था, कुछ स्टूडेंट्स खिड़की से नीचे आने की कोशिश कर रहे थे। बिल्डिंग से कूदकर बाहर आए स्टूडेंट्स ने कहा कि अंदर कितने लोग थे, पुलिस ने इस बारे में नहीं बताया।




महाजनसंपर्क अभियान के तहत बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा बिंदापुर में लोगों से मिलते हुए।

## फोन लूटने कार से आए बदमाश, जब प्लान हुआ फेल तो कर दी फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओखला** औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में कार सवार बदमाशों द्वारा तमंचे के बल पर एक युवक से फोन लूटने और फायरिंग का मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपित मौके से भागने लगे। पीड़ित ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया और मौके पर मौजूद लोगों की मदद से एक बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया। दूसरा मौके से फरार हो गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस के आने के बाद बदमाश को उन्हें सौंप दिया गया। पीड़ित की पहचान मोनू गौतम और आरोपित बदमाशों की पहचान लक्कड़पुर के आकाश भड़ाना और पकड़े गए अंकित तोमर के रूप में हुई है।

## 'जब तक मोदी जी जीवित हैं... वहीं देश के पीएम रहेंगे'

### अगर 2024 में मोदी पीएम बनते हैं तो सारे सारे के संविधान बदलकर डिक्लियर कर देंगेः आप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दिल्ली के मंत्री भारद्वाज ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अगर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनते हैं तो सारे सारे के संविधान बदलकर डिक्लियर कर देंगे कि अब जब तक मोदी जी जीवित रहेंगे, वहीं इस देश के पीएम बने रहेंगे।

**हो सकता है, आगे चुनाव न हों:** सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर विपक्ष दल एक होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे तो ऐसा भी हो सकता है कि आगे चुनाव ही न हों। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को जिस तरह से



कुचलने में लगी हुई है। जिस तरह से साम, दाम, दंड, सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स के छापे विपक्षी नेताओं के यहां पड़ रहे हैं और उनको जेल में ठूसा जा रहा है।

**भाजपा पर सौरभ भारद्वाज का हमला:** इसकी पूरी संभावना है कि अगर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनते हैं तो सारे के सारे संविधान बदलकर डिक्लियर कर देंगे कि अब जब तक मोदी जी जीवित रहेंगे, वहीं इस देश के राजा बने रहेंगे। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि इस देश के अंदर हजारों लाखों ने लोगों ने कुरबानियां देकर जो आजादी पाई है वह आजादी खत्म हो जाएगी। केंद्र सरकार चाहती है कि दिल्ली की सरकार ठप हो जाए। मुफ्त दवाओं, मुफ्त मोहला क्लीनिक, मुफ्त उपचार है, इन सब चीजों को केंद्र बंद करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी और एलजी दखल देकर देख चुकी है कि जनता में बदल नहीं होते हैं। अब अफसरों के जरिए इन सब चीजों को बंद करने की कवायद शुरू हो चुकी है।

### भाजपा पर तंज

= कांग्रेस अगर पंजाब और दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ती है तो आप भी राजस्थान और मध्य प्रदेश में इलेक्शन नहीं लड़ेगी

**कांग्रेस पर भी साधा निशानाः** प्रेस कॉन्फ्रेंस में सौरभ भारद्वाज ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के गारंटियों की कापी की। आम आदमी पार्टी के महिलाओं के मासिक भत्ते को कॉपी करते हुए कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अनाउंस किया और कर्नाटक में अनाउंस किया।

## नीट परीक्षा में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का जलवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नीट की** परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। इसमें दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने अपना जलवा दिखाया है। जानकारी के मुताबिक, पिछले चार वर्ष में राष्ट्रीय राजधानी स्थित सरकारी स्कूलों से पढ़कर निकले छात्र-छात्राओं के नीट की परीक्षा पास करने की संख्या दोगुनी हो गई है।

**2020 में 569 छात्रों ने पास की थी नीट की परीक्षाः** वर्ष 2020 में सरकारी स्कूलों के 569 छात्र-छात्राओं ने नीट की परीक्षा पास की थी। वहीं, अब वर्ष 2023 में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 1074 छात्रों ने नीट की परीक्षा में



अपना परचम लहराया है। इसे लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बहुत खूब। दिल्ली सरकार के स्कूलों के 1000 से अधिक छात्र एनईईटी उत्तीर्ण करते हैं। कुछ साल पहले इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई।

## द्वारका एक्सप्रेस-वे हादसे से हर तरफ निराशा का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** एक्सप्रेस-वे हादसे से हर तरफ निराशा का माहौल बन गया है। लोगों को उम्मीद थी कि अगले चार महीने के भीतर एक्सप्रेस-वे चालू हो जाएगा। हादसे ने उनकी उम्मीद पर पानी फेर दिया। अब उन्हें साल के अंत तक भी प्रोजेक्ट के पूरा होने की उम्मीद नहीं है। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे बनाने की योजना तैयार की गई है। दिल्ली से मानेसर की तरफ आने वाले अधिकतर वाहन महिपालपुर से ही द्वारका एक्सप्रेस-वे चले जाएं, इसे ध्यान में रखकर महिपालपुर में शिवमूर्ति के नजदीक फ्लाईओवर के साथ ही अंडरपास का भी निर्माण किया जा रहा है। निर्माण



इसी महीने पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, जबकि काम लगभग 30 से 40 प्रतिशत बाकी है।

**दिन गिन रहे थे लोगः** इस बीच बुधवार सुबह हादसा हो गया। इस हादसे से लोग एक तरह से सदमे में हैं। लोग एक्सप्रेस-वे के चालू होने के दिन गिन रहे थे, अब कहने लगे हैं पता नहीं कब चालू होगा। द्वारका एक्सप्रेस-वे वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष याशीश यादव का कहना है कि बुधवार की घटना ने उनलोगों को हताश कर दिया है। आाखिर कब पूरा होगा प्रोजेक्ट। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) को नंबर एक निर्माण कंपनी माना जाता है। दुनिया में इसकी पहचान है। जब इस कंपनी के प्रोजेक्ट में एक बार नहीं, बल्कि कई बार हादसे हो जाएं फिर किसके ऊपर विश्वास किया जाएगा। महिपालपुर में हुए हादसे से ऐसा लग रहा है जैसे किसी ने कुछ छीन लिया हो। गांव दौलताबाद में रहने वाले राजकुमार एवं नरेश वर्मा कहते हैं कि द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लापरवाही को लेकर जो भी जिम्मेदार हैं, सभी को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार किया जाए।

### काम रूका

= लोगों को उम्मीद थी कि अगले चार महीने के भीतर एक्सप्रेस-वे चालू हो जाएगा। हादसे ने उनकी उम्मीद पर पानी फेर दिया

## लगातार बढ़ते ही जा रही दिल्ली में बिजली की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में गर्मी के साथ बिजली की मांग में बढोतरी हुई है। र इस वर्ष पहली बार मांग सात हजार मेगावाट से ऊपर पहुंची थी। अधिकतम मांग 7098 मेगावाट थी और 3.24 बजे यह 7226 मेगावाट तक पहुंच गई। इस माह मांग में काफी उतार चढ़ाव रहा है। एक जून को अधिकतम मांग 4390 मेगावाट थी। इस तरह से 14 दिनों में 2836 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है। हल्की वर्षा होने से जून के पहले सप्ताह में बिजली की खपत कम रही थी, लेकिन पिछले सप्ताह से मौसम बदलने के साथ बिजली की मांग भी बढ़ने लगी



है। सोमवार रात 11.03 बजे मांग 6829 पहुंच गई थी। पिछले वर्ष जून के मुकाबले इस माह मांग कम है, लेकिन आने वाले दिनों में खपत और बढ़ने का अनुमान है।

**कंपनियां पूरी तरह से तैयारः** बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। बढ़ रही मांग को देखते हुए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## 30 जून से ऑनलाइन बुक कर सकेंगे सपनों का आशियाना

### यह योजना 30 जून 2023 से शुरू होगी और आवेदक इसके लिए आनलाइन माध्यम से बुकिंग कर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में अपने** आशियाना मिलने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के आधार पर शुरू होने वाली आवासीय योजना के चौथे चरण को मंजूरी दे दी है। यह योजना 30 जून 2023 से शुरू होगी और आवेदक इसके लिए आनलाइन माध्यम से बुकिंग कर सकेंगे। एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में राजनिवास में हुई बोर्ड बैठक में मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासियों को बड़ी राहत दी गई है। डीडीए ने यहां के निवासियों को अपने फ्लैट



डीडीए को सौंपकर वापस पूरा पैसे देने या इसी जगह पहले जैसे नये फ्लैट देने का विकल्प दिया है। प्राधिकरण ने कालकाजी और जेलोरवाला बाग में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के अनुसार आसपास के झुग्गी झोपड़ी कलस्टर को फ्लैट आवंटित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है, जिससे अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में अधिक झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जा सके।

**बोर्ड बैठक में योजना के चौथे चरण को दी गई अनुमतिः** इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक में डीडीए ने आवासीय योजना के चौथे चरण को अनुमति दे दी है। इसमें टोकन बुकिंग राशि का भुगतान करके अपनी पसंद के इलाके और अपनी पसंद के फ्लोर पर फ्लैट की बुकिंग की जा सकती है। इसके अलावा इन फ्लैटों की बुकिंग के लिए दिल्ली में किसी भी प्लॉट या मकान का स्वामी होने की भी कोई शर्त नहीं रखी गई है।

**नवजीवन कैंप के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण को मिली अनुमतिः** बोर्ड बैठक में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत आवास प्रदान करने के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण के लिए अनुमोदन दिया गया।

### भूमि के भू उपयोग में परिवर्तन

**यातायात** के निर्बाध आवागमन को बनाए रखने राजधानी में सड़क आधारित संरचना के रख-रखाव में सहायता प्रदान करने के लिए प्राधिकरण ने योजना जोन-ई में आने वाले गाजीपुर ओल्डस, एमसीडी टोल टैक्स स्थित फाइव लेन टोल प्लाजा के निर्माण हेतु 7205 वर्गमी. भूमि के भूमि उपयोग को मनोरंजनात्मक से परिवहन में परिवर्तित करने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

## मदद मांगने का बहाना बनाकर ठग ने लगाया 19 लाख रुपये का चूना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** जिला जिले के साइबर सेल ने भोपाल से दो ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने खुद को मुसीबत में फंसे होने का झांसा देकर एक कारोबारी से 19 लाख रुपये ठगे थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बस्ती जाट खेड़ी निवासी संदीप ध्रुव और बैग सेवनिया निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से ठगी के तीन लाख रुपये बरामद किए हैं। आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है उन्होंने कितने लोगों को अपना निशाना बनाया है।

### दो गिरफ्तार

= अंतरराष्ट्रीय नंबर से उनके वॉट्सएप पर कॉल आया था। आरोपित ने उनसे पंजाबी भाषा में बात की थी

**वॉट्सएप पर ठग ने किया था कॉलः** पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि बलबीर सिंह (71) नाम के व्यक्ति ने साइबर सेल थाने में 19 लाख रुपये ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय नंबर से उनके वॉट्सएप पर कॉल आया था। आरोपित ने उनसे पंजाबी भाषा में बात की थी, पीड़ित को लगा कि बात करने वाला शख्स उनका पूर्व कर्मचारी शम्मी उप्पल है। जो इस वक्त कनाडा में है। आरोपित ने पीड़ित से कहा कि एक बड़ी मुसीबत में फंस गया है। उसका बेटा एक क्लब में गया था, जहां उसका झगड़ा हो गया है।

**अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की रकमः** मारपीट के दौरान दूसरे व्यक्ति को गंभीर चोटे आई हैं। मामला कोर्ट में चला गया है, वकील करने के लिए अधिक रुपयों की जरूरत है। पीड़ित उसके झांसे में आ गए।

## न्यूज फ्लैश

### सुपर जोन, जोन और सेक्टरों में विभाजित होगा मुड़िया मेला क्षेत्र

**मथुरा:** गोवर्धन में लगने वाले मुड़िया मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजकीय मुड़िया मेला सुपर जोन, जोन और सेक्टरों में विभाजित होगा। इसकी सूची अधिकारियों ने तैयार कर ली है। इस बार प्रशासन का पहले की अपेक्षा सुरक्षा व्यवस्था पर फोकस है। परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी से आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस निगरानी करेगी। इसके लिए अलग से कंट्रोल रूम तैयार किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को एसडीएम कमलेश कुमार गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा, तहसीलदार अजीत कुमार, इंस्पेक्टर ओम हरि वाजपेई ने राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं पर मंथन किया। थाना कार्यालय परिसर में अधिकारियों ने मेला क्षेत्र को सुपर जोन, जोन, और सेक्टरों में विभाजित करने के लिए प्वाइंट निर्धारित किए। डीएम पुलकित खरे और एसएसपी शैलेंद्र कुमार पांडेय के बाद सेक्टर, जोन और सुपर जोन की सूची फाइनल होगी। उसके उपरांत तिराहे चौराहों पर संकेतक बोर्ड एवं फ्लेक्स लगाए जाएंगे। इस बार 60 सेक्टरों के प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं।

### चुनाव से पहले सभी पात्र किसानों को मिले पीएम सम्मान निधि

**मथुरा: अभी तक** तमाम किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। उम्मीद जगी है कि अब सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि की किस्त मिल जाएगी। सिस्टम की कोशिश यही है लोकसभा चुनाव से पहले सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि की किस्त मिल जाए। इसके लिए तहसील स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने जनपद के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि जनपद में इस योजना के लाभ से वंचित किसान जो इस योजना के लाभ के लिए पात्र हैं, परन्तु अभी तक लाभ प्राप्त करने से वंचित रहे हैं, उन्हें योजना का लाभ मिले ये सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के लाभ से वंचित रहने के कई कारण हो सकते हैं। लाभ से वंचित होने के कारणों में कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पी.एम. किसान पोर्टल पर अभी तक ओपन सोर्स से आवेदन नहीं किया हो, वंचित किसानों के लिए यह बड़ी वजह हो सकती है। वहीं कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से आवेदन कर दिया गया हो, परन्तु उक्त को स्वीकृत न किया गया हो एवं आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित चल रहा हो, आवेदन पूर्व में स्वीकृत हो गया हो परन्तु भू लेख अद्यावधिक न हो पाने के कारण आगामी किस्त न प्राप्त हो रही हों तथा पूर्व से स्वीकृत कृषकों का भूलेख का सत्यापन होने के पश्चात भी आधार का लिंक बैंक खाते में नहीं हो पाया हो। जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत समस्त पात्र कृषकों के संतृप्तिकरण के लिए तहसील स्तरीय शिविर का आयोजन जनपद के प्रत्येक तहसील मुख्यालय में 15 से 23 जून तक प्रत्येक कार्यदिवस में किया जा रहा है। जिसमें राजस्व विभाग, कृषि विभाग, इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### छात्रों को गणित, विज्ञान, प्राणी विज्ञान और संस्कृत जैसे विषयों को प्राथमिकता देनी चाहिए

**पानीपत:** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में आर्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इसके मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान रहे। विशिष्ट अतिथि प्रबंधक जसबीर आर्य रहे अध्यक्षता उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक रामपाल आर्य, कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक मुख्य वक्ता के रूप में रहे। यह जानकारी आचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने दी। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि यू तो जीवन सभी प्राणियों का महत्वपूर्ण होता है लेकिन मनुष्य जीवन सबसे अधिक दुर्लभ है और वर्तमान परिवेश में मानव जीवन स्वस्थ रखना भी दुर्लभ है। 100 साल के सुखी जीवन की अवधारणा को चिकित्सक ही साकार कर सकते हैं यही कारण है कि भारत में गुरु को गोविंद का दर्जा दिया जाता है। वहीं डॉक्टर को भी भगवान के समान माना जाता है उन्होंने कहा कि मां जन्म देती है गुरु जीवन को सँवारता है और डॉक्टर जीवन बचाता है उसे सुखी जीवन का रूप देता है। इसी लिए छात्रों को गणित, विज्ञान, प्राणी विज्ञान और संस्कृत जैसे विषयों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राणी विद्या विज्ञान और वसुंधरा को संरक्षण करने के सभी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कोमल ने नीट की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त कर-के हरियाणा का नाम रोशन किया है। कोमल ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की सन 2023 की नीट की परीक्षा में 631 अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के अन्य छात्रों को कोमल से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोमल एक सामान्य परिवार से संबंध रखती है इनके पिता का नाम कृष्ण गोपाल मां का नाम मीनाक्षी है। गांव बल्ला करनाल के निवासी हैं। कोमल की मां मीनाक्षी ने बताया कि एक बार इसके पिता कृष्ण गोपाल बहुत बीमार हुए थे तभी से कोमल ने डॉक्टर बनने का लक्ष्य निर्धारित किया कर लिया था और कक्षा ग्यारहवीं में मेडिकल साइंस को चुना और सीबीएसई की परीक्षा में 96% अंक प्राप्त किए तथा दसवीं में भी 98% अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। कोमल की मां मीनाक्षी ने बताया कि कोमल प्रतिदिन 12 घंटे तक पढ़ाई करती है।

# आत्मनिर्भर बनेंगी ग्राम पंचायत

## ग्रामीणों को नहीं काटने होंगे तहसील, जिला मुख्यालय के चक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**

**नगर निकाय** की तर्ज पर ग्राम पंचायतें भी आत्मनिर्भर बनेंगी। ग्राम पंचायत सफाई कर लगाने जैसे फैसले भी ले सकेंगी। साथ ही पंचायत की आमदनी बढ़ाने के लिए कई दूसरे तरीके भी पंचायत तलाशेंगी। इस में ग्राम सचिवालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्राम पंचायत कार्यालय को मिनी सचिवालय में तब्दील किया गया है। इनका डिजिटलीकरण भी किया गया है। अब इसी से आय के नये स्रोत भी खुलने लगे हैं। जनपद की समस्त 495 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सचिवालय सेवा प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा खतौनी की नकल, शादी अनुदान, राशन कार्ड ऑनलाइन, छात्रवृत्ति फार्म आदि के ऑनलाइन आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय से ही ऑनलाइन किये जा सकेंगे। इसे आपकी सेवा, आपके द्वार कार्यक्रम का नाम दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को सेवाओं के लिए विकास खण्ड तथा जनपद स्तर पर भटकना न पड़े और पूर्ण पारदर्शिता के साथ ग्रामीण अपनी ही पंचायत में 243 सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। शासन द्वारा सेवा शुल्क के रूप में प्रति सेवा के लिए 30 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसमें से 17.50 रुपये शासकीय कर तथा पांच रुपये पंचायत सहायक का सेवा शुल्क तथा शेष 7.50 रुपये ग्राम पंचायत की आय के रूप में जुड़ेंगे।




> 15 जून 2023 को डिजिटल सचिवालय सेवा, जनपद मथुरा की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रारम्भ हो रही है, जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं को प्रदान करने में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कराये जाने के लिए घोषणा की गयी। 15 अगस्त तक जनपद मथुरा के जिन तीन ग्राम पंचायतों तथा तीन विकास खण्डों में डिजिटल सेवा के अन्तर्गत सबसे अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।
> -पुलकित खरे, जिलाधिकारी मथुरा

## छावनी में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन का विरोध प्रदर्शन जारी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उत्तर** रेलवे के अंबाला मंडल में कर्मचारियों का अधिकारियों के द्वारा बड़े पैमाने पर शोषण के विरूध उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने आवाज उठाई और कर्मचारियों के हक की लडाई तीसरे दिन भी जारी रही, और धीरे-धीरे कर्मचारियों की संख्या मोर्चे में बढ रही है, जिससे यूनियन का यह संघर्ष ओर भी मजबूत हो रहा है। अंबाला मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के हो रहे शोषण के विरूप यूनियन की लड़ाई जारी है, लेकिन प्रशासन कर्मचारियों की आवाज सुनने के लिए तैयार नही है, प्रशासन द्वारा लगातार कर्मचारियों की आवाज दबाने और उनका शोषण करने का सिलसिला जारी है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा पुरे अंबाला मंडल में ए.डी.ई.एन. सरहिंद के खिलाफ और रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है।

## सूरजमुखी की फसल को लेकर किसानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के बैनर तले अंबाला उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। सूरजमुखी की फसल पर एमएसपी और ऑनलाइन वेरिफिकेशन में त्रुटियों को लेकर किसानों ने अंबाला उपायुक्त कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम अंबाला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन वेरिफिकेशन का पोर्टल जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि उन्हें मंडियों में फसल बेचने में कोई दिक्कत ना हो इसी के साथ उन्हें गेट पास भी उपलब्ध करवाया जाए। सूरजमुखी की फसल को एमएसपी पर खरीदें ऑनलाइन पोर्टल की त्रुटि का जिक्र करते हुए किसानों ने सरकार पर आरोप लगाए की सरकार द्वारा ही यह शरारत की जा रही है और ऐसा करना सरकार को महंगा पड़ सकता है। किसान इसे बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा यदि 2 दिन के अंदर वेरिफिकेशन नहीं होती तो लगभग 18 तारीख के आसपास फिर से उपायुक्त कार्यालय में धरना दिया जाएगा। जिन किसानों के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर जगह नहीं हैं उनके लिए पोर्टल खोला जाए ताकि उस पर किसान सूरजमुखी अपलोड करवा सकें उनका सरकार से यही निवेदन है कि जल्द से जल्द उनके गेट पास बने ताकि सूरजमुखी जितना जल्दी हो सके बिके और उनके ट्रैक्टर ट्राली फ्री हों क्योंकि किसानों ने अपने खेतों में पानी छोड़ा हुआ है उसके बाद किसानों को जीरी की तैयारी भी करनी है। लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण जून के महीने में भी सूरजमुखी की खरीद शुरू नहीं हुई है सरकार ने किसानों को परेशान कर रखा है उनकी यही अपील है कि 2 दिन के अंदर वेरिफिकेशन की जाए नहीं तो वह धरने पर बैठेंगे। जिसका जिम्मेवार मंडी प्रशासन होगा। इस अवसर पर आज अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बांधा समां

**पानीपत: हरियाणा सरकार** के निर्देश अनुसार उदय हरियाणा के तहत जन संवाद की श्रृंखला में खंड इसराना के गांव ब्राह्मण माजरा में वीरवार को राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य की बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति देकर समां बांधा। कार्यक्रम में जादूगर सम्राट एस कुमार के जादू के कारनामों ने उपस्थित दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में दो युवकों ने खंबे पर योगा की प्रस्तुति दी। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुती देने वाले बच्चों का हौसला वर्धन किया। कार्यक्रम में गांव के 50 से 80 आयु वर्ग के बुढों ने हटजा ताऊ पाछेने गाने पर बेहतरीन नृत्य कर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया।

## जब हम किसी अच्छे कार्यों में दान करते तो उसका दोगुना होकर मिलता: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**दतौली गांव** के शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने निर्माणधीन मंदिर में टाइल लगवाने का खर्च स्वयं उठाने साथ ही हरसंभव मदद का आश्वान दिया है। देवेंद्र कादियान ने कहा कि धार्मिक कार्यों में हमें कभी पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि मिलजुल कर आर्थिक सहयोग करना चाहिए, आज जो कुछ हमारे पास है भगवान की कृपा से है। जब हम किसी अच्छे कार्यों में दान करते तो उसका दोगुना होकर मिलता है। इस दौरान दतौली में सोसायटी की तरफ से एम्बुलेंस समर्पित करने पर ग्रामीणों ने आभार जताते हुए कहा कि एम्बुलेंस सेवा की गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है। एक कॉल करने पर एम्बुलेंस मरीज को अस्पताल तक ले जाने आने का काम कर रही है। जो काफी सराहनीय है। कादियान ने बताया कि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर द्वारा क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाने के लिए दस निशुल्क एंबुलेंस सेवा दी गई है, ये एंबुलेंस लाइफ केयर सपोर्ट है।



# वृंदावन में अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**वृंदावन में** इन दिनों अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। एक सप्ताह से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसको लेकर व्यापारी वर्ग और क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। शाम होते ही वृंदावन में अंधेरा छा जाता है और इसी के चलते व्यापारियों को भी जल्द ही बाजार बंद करना पड़ता है। इसी क्रम में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है। वहीं वार्ड संख्या 70 के पार्षद वैभव अग्रवाल ने क्षेत्र वासियों के साथ मिलकर विद्युत विभाग के एक्सईन अनिल कुमार एवं एसडीओ संदीप वार्ष्णेय से मुलाकात की और साथ ही वर्तमान विद्युत व्यवस्था पर रोष जाहिर किया। वहीं पार्षद वैभव अग्रवाल ने बताया कि विगत एक सप्ताह से वृंदावन की जनता विद्युत व्यवस्था से त्रस्त है और विद्युत आपूर्ति ना मिलने के कारण पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था भी चरमरा गई है। वहीं नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल ने कहा कि इन दिनों वृंदावन में विद्युत कटौती एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस विद्युत कटौती के चलते वृंदावन में व्यापारी वर्ग बहुत ही परेशान है।

अधिकतर व्यवसाय विद्युत से चल रहे हैं और विद्युत कटौती के कारण उन व्यवसायों के ऊपर असर पड़ रहा है और साथ ही कई सारे व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग को व्यापार मंडल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह जल्द ही विद्युत कटौती की व्यवस्था को सुधारें और साथ ही उन्होंने बताया कि इन दिनों वृंदावन में अवैध तरीके से ई रिक्शा भी चार्ज हो रहे हैं। जिससे विद्युत पर बहुत ही असर हो रहा है। विद्युत विभाग के द्वारा उन पर भी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि व्यापारी वर्ग अब विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत कटौती को नहीं सहेगा। व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है और अगर जल्द ही उस ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होती है, तो वृंदावन का व्यापारी वर्ग एक बड़े कदम को उठाने के लिए मजबूर होगा।



## आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल फंड ने "हर घर एसआईपी" पहल की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल फंड (एबीएसएलएमएफ) ने व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए "हर घर एसआईपी" पहल शुरू की है, ताकि वे लंबी अवधि में पूंजी बनाने (धन कमाने) के अपने सपने को हकीकत में बदल सकें। फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने बड़े हैं या कितने छोटे। एबीएसएलएमएफ ने भारत भर में अपनी सभी शाखाओं में यह कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ए बालासुब्रमण्यिन ने कहा, एबीएसएलएमएफ में हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी घरों में अपनी मेहनत की कमाई को नियमित रूप से एक ऐसे उत्पाद में निवेश करने की आदत डालें जो उन्हें इस अनुशासित बर्ताव के लिए लंबे समय तक फायदा देता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हमने पूरे भारत में 'हर घर एसआईपी' कार्यक्रम शुरू किया है। आने वाले महीनों में, हमारी मजबूत फील्ड डिस्ट्रीब्यूशन टीम ग्राहकों तक पहुंचेगी और उन्हें धन सृजन के लिए लंबी अवधि में एसआईपी में निवेश करने के फायदों के बारे में शिक्षित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति के दीर्घकालीन धन सृजन के सपने को हकीकत में बदला जाए। सीएएमएस की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि इक्विटी स्कीम्स में एसआईपी मिलेनियल्स के दो तिहाई लोगों के लिए निवेश यात्रा शुरू करने का पसंदीदा विकल्प रहा है। दिलचस्प बात यह है कि मिलेनियल्स के एक तिहाई लोग एकमुश्त निवेश करने के बारे में आश्वस्त हैं। एक उदाहरण से समझते हैं कि एसआईपी कैसे इतना लोकप्रिय हो चुका है।

## मांगे न मानी तो बिजली कर्मी करेंगे डिविजनों में करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**एचएसईबी वर्कर्स** यूनियन ने आज दिनांक सब यूनिट नंबर 2 में घंटे का वर्क सस्पेंड कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट संगठन करता हरिद्वार ने की। उन्होंने बताया हमारा यह वर्क सस्पेंड का पहला दिन है इससे पहले सब यूनिट कार्यकारणी 8 दिन से 2 घंटे का गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन कर रही थी। आज के इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से यूनिट सचिव सतवीर देशवाल, यूनिट में उपप्रधान नंबर वन जसविंदर सिंह, सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव, सब यूनिट सचिव गुरमीत सिंह, उपप्रधान रोशन लाल, सह सचिव विकास चंद्र कैशियर प्रमोद कुमार कानूनी सलाहकार खुशीराम चेयरमैन केदारनाथ वरिष्ठ उप प्रधान प्रदीप कुमार प्रेस सचिव संजू संगठन करता नंबर दो तरसेम ऑडिटर गुरप्रीत सिंह उपप्रधान नंबर 2 हरजीत सिंह कृपाल सिंह आदि सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया व नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया।

# सरकारी बिल्डिंग में ही चलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**आंगनबाड़ी केंद्रों** को अब आंगनबाड़ी संचालिका अपने घर दुकान या सामुदायिक जगह पर संचालित नहीं कर सकेंगी। सरकारी बिल्डिंग में ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन राजीव भवन सभागार में किया गया जिसमें जनपद में प्राइवेट स्थल पर संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी परिसंपत्ति में जगह प्रदान करने के निर्देश दिये गये। राजीव भवन सभागार में आयोजित की गई विशेष बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को संयुक्त रूप से एक सप्ताह के भीतर मिशन मोड में ऐसे 19 ग्राम पंचायतों में आने वाले 36 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त जगह की व्यवस्था करने के लिए आदेशित किया।

इन आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु प्राथमिक विद्यालय, जूनियर विद्यालय, पंचायत भवन, पशु चिकित्सालय किसी, अन्य सरकारी भवन आदि में शिफ्ट कराए जाने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बताया कि कि आपसी समन्वय से चारो विभाग के लोग कार्य करें तो इस कार्य में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी जिससे हजारों बच्चों के स्कूल पूर्व शिक्षा हेतु उचित वातावरण का निर्माण होगा। साथ ही सभी ईओ को नगर निकायों में प्राइवेट स्थल पर संचालित 124 आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने हेतु स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।



# रक्तवीरों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिये प्रशस्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**अस्पतालों में** भर्ती बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनके इलाज में खून की जरूरत होती है, समय पर अगर उन्हें खून मिल जाए तो उनका बेहतर इलाज हो जाता है। एक यूनिट रक्त से चार लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। यह बात बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम मेडिकल एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी ने रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर कही। विदित रहे कि यह रक्तदान शिविर केएम सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया था। जिसमें 500 के करीब लोगों ने रक्तदान के लिए, रजिस्ट्रेशन किए गए जिसमें से आज केएम के रक्तदान शिविर में 307 लोगों ने रक्तदान किया वहीं केएम हास्पिटल द्वारा दूसरा शिविर मुरारी कुंज सरस्वती इंटर कॉलेज गोवर्धन में लगाया गया जहां 17 लोगों ने रक्तदान किया। इस प्रकार केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कुल 324 यूनिट ब्लड संग्रह किया, वहीं शेष रजिस्ट्रेशनों का रक्तदान गुरुवार किया जाएगा। केएम हॉस्पिटल चेयरमैन द्वारा यह घोषणा की गई है कि भविष्य में जितने भी रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे इसमें रक्तदान करने वाले दाताओं को फ्री हेलमेट दिया जाएगा। केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदाता दिवस को लेकर आज रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ सुबह नौ बजे से शुरू हुआ जो पांच बजे तक चला। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी ने किया। सबसे पहला रक्तदान फरह कस्बे के झुण्डावई के प्रधान प्रताप सिंह ने करते हुए दूसरों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले डोनरों को केएम चेयरमैन श्री चौधरी ने निःशुल्क हेलमेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा रक्तदान करने को लेकर कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। रक्तदान करने से नया खून बनता है और व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होता है। ऐसे में लोगों को जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करना पुनीत कार्य है। केएम मेडिकल कालेज एडं हास्पिटल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता ने कहा कि साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। अगर स्वैच्छिक रूप से लोग रक्तदान के लिए आगे आएं तो ब्लड बैंक में खून की कमी नहीं होगी। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।



# वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

> 8 सरकार द्वारा पिछले समय में कई अन्य विभागों के कर्मचारियों की श्रेणी अनुसार वेतनमान में बढ़ोतरी की गई है

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा रोडवेज** जागृति मंच की राज्य कमेटी के आह्वान पर अंबाला डिपो में परिचालक पे ग्रेड बढ़ाने चालक परिचालक कर्मचारी को जोखिम भत्ता देने तथा निदेशक राज्य परिवहन हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा परिचालक कर्मचारी के विरुद्ध जारी किए गए तुगलकी फरमान को निरस्त करवाने के लिए चार घंटे का अंबाला शहर बस स्टैंड पर सांकेतिक धरना दिया गया। इस धरने का संचालन डिपो प्रधान दयानंद यादव तथा डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने किया। धरने के दौरान डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में परिचालक कर्मचारी का पे ग्रेड अन्य विभागों के कर्मचारियों की तुलना में वेतनमान सम्मानजनक ना होकर बहुत ही कम है। सरकार द्वारा पिछले समय में कई अन्य विभागों के कर्मचारियों की श्रेणी अनुसार वेतनमान में बढ़ोतरी की गई है।



# केजरीवाल सरकार के पास कोई योजना नहीं : अनिल भारद्वाज

**भारद्वाज ने कहा...**

= शिक्षा मंत्री लंदन में शिक्षा मॉडल का बखान करके लोगों को भ्रमित कर रही है, जबकि वास्तविकता में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है : अनिल भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी लंदन जाकर दिल्ली के शिक्षा मॉडल का बखान करती है, परंतु 9 वर्षों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने की दिशा में एक कदम भी नहीं उठाया है। जिसका उदाहरण नीट परीक्षा के वर्तमान नतीजों में 39000 हजार छात्रों में से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सिर्फ 1000 छात्र ही पास हुए है, जबकि 38000 छात्र प्राइवेट स्कूल के हैं। संवाददाता सम्मेलन में अनिल भारद्वाज के साथ कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज आत्रेय भी मौजूद थे। अनिल भारद्वाज ने कहा कि 2014 के अनुपात में इस साल सरकारी स्कूलों में 10वी कक्षा के परिणाम में 13 प्रतिशत की कमी आई है। 2014 में जहां परिणाम 98.81 प्रतिशत था, वहीं 2023 में यह घटकर 85.84 प्रतिशत रह गया है। आम आदमी पार्टी की सरकार की बदहाल शिक्षा मॉडल का ही नतीजा है कि जहां 2014 में दसवीं के छात्र 1,80,203 थे वह 2019 में घटकर 1,66167 रह गए। वहीं बाहरवीं के छात्रों में लगभग 36000 की कमी आई है। 1030 सरकारी स्कूलों में घटते परिणामों का मुख्य कारण इनमें 58 प्रतिशत प्रिंसिपल, 33-34 प्रतिशत अध्यापक और 40-42 प्रतिशत वाईस प्रींसिपलों की कमी है। यही नहीं जिन 22000 गेस्ट टीचरों के कंधो पर शिक्षा व्यवस्था टिकी है उनको 2014 में पक्का करने का वादा करने के बावजूद केजरीवाल सरकार अभी तक पक्का नहीं किया है। केजरीवाल सरकार की कुनीति के कारण सम्मान के योग्य टीचर आज दिहाड़ी मजदूर बनकर रहे गये है। अनिल भारद्वाज ने कहा कि 2015 में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 500 स्कूल, 20 नए कालेज और विश्वविद्यालय बनाने का वादा किया था परंतु 9 वर्षों में कुछ भवनों का निर्माण और क्लास रुमों में रंगरोगन करके भ्रमित करने वाला प्रचार किया कि शिक्षा मॉडल का बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि आईपी यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैम्प के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल में क्रेडिट लेने की होड़ को पूरी दिल्ली ने देखा था, जिसकी आधारशिला 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए की थी, जिसको बनाने में 10 वर्ष लग गए।

## कांग्रेस पार्टी ने किया दिल्ली का विकास: अनिल भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के 15 सालों के शासन में चुनौतियों का सामना करके दिल्ली का चहुमुखी विकास किया और सैंकड़ों फलाई ओवर, आर.यू. बी., अंडरपास, फुटओवर ब्रिज, सैंकड़ों किलोमीटर की व्यवस्थित सड़कों को निर्माण और दिल्ली सहित एनसीआर में सैंकड़ों कि.मी. का मेट्रो नेटवर्क बढ़ाया। उन्होंने 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन के समय लोगों को शंका थी कि स्टेडियम व खेल आयोजन स्थलों के नजदीक ट्रेफिक परेशानी से जूझना पड़ेगा लेकिन बिना किसी परेशानी के हमारी सरकार ने सभी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करके ट्रेफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाया, जो एक उदाहरण साबित हुआ। श्री भारद्वाज ने कहा कि हमारा मानना है केजरीवाल सरकार एजेंसियों पर आरोप प्रत्यारोप न करके अपनी जिम्मेदारी निभाए कि सभी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करके दिल्ली में ट्रेफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करे। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े प्रचार की घोषणा करने वाले दिल्ली के प्रवासी मुख्यमंत्री अपनी राजनैतिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दिल्ली की बदहाल व्यवस्था को नजर अंदाज करके राज्य दर राज्य घूम रहे है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर शोर मचाने वाले मुख्यमंत्री की पहली जिम्मेदारी दिल्ली को विकसित और व्यवस्थित करने की है। अनिल भारद्वाज ने कहा कि मुखर्जी नगर में लगी आग को बुझाने के लिए भारी ट्रेफिक जाम के चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ियां देर से पहुंची और आग पर नियंत्रण पाने में देरी हुई।

# कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव आज से करेगें पौधारोपण की शुरूआत

**पूरे भारत में एक करोड़ पौधे 2024 तक लगाने का लक्ष्यः राकेश यादव सर**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के भलस्वा जहांगीरपुरी स्थित गौरैया ग्रीन पार्क में कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव सर आज पौधारोपण करेगें। इस पर जानकारी देते हुए कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव सर ने बताया कि इस दौरान 551 पौधे रोपे जायेगें और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। राकेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वन पर्यावरण संरक्षण के तहत पूरे भारत में एक करोड़ पौधे 2024 तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत ही आज भलस्वा जहांगीरपुरी स्थित गौरेया ग्रीन पार्क में पौधारोपण किया जायेगा। राकेश यादव सर ने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये। जिससे की हमारा क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक और हमें ऑक्सीजन देते है वहीं हमें इनसे फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। और आज भलस्वा जहांगीरपुरी स्थित गौरेया ग्रीन पार्क में आकर पौधे अवश्य ही लगाये।



जहांगीरपुरी स्थित एमसीडी कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा साथ में कई गणमान्य लोग।

# सत्य पर चलने वाले को मिलती है हमेशा ही सफलता: गिरीश साहू



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
साहू समाज सेवा समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें। उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# 'कांग्रेस का मेनिफेस्टो केजरीवाल की गारंटियों की नकल'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी (आप) ने अरविंद केजरीवाल की गारंटियों की नकल करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को अरविंद केजरीवाल की गारंटियों की नकल बताया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आप कार्यालय में गुरुवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी, देश की सबसे नई पार्टी से आइडियाज और मेनिफेस्टो चुराने में लगी है। सीसीसी यानी कॉपी कैट कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल का गारंटी शब्द भी कॉपी कर लिया है। पहले कांग्रेस ने दिल्ली में बिजली हाफ-पानी माफ का मजाक बनाया। अजय माकन ने कहा था कि इन्हें पता नहीं सरकार कैसे चलती है, ये तो हो ही नहीं सकता। फिर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने बिजली फ्री और महिलाओं को मासिक भत्ता देने की घोषणा कर अरविंद केजरीवाल को कॉपी किया। कांग्रेस के पास ऐसे लोग नहीं बचे जो लोगों से बात कर सकें और अपना ओरिजनल मेनिफेस्टो बना सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब हिमाचल प्रदेश में चुनाव लड़ा तो अरविंद केजरीवाल की गारंटियों की कॉपी की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देंगे। हमने पंजाब में कहा कि महिलाओं को सरकार की तरफ से मासिक भत्ता दिया जाएगा। इस पर कांग्रेस ने पंजाब में हमारा खूब मजाक उड़ाया। कैप्टन अमरिंदर सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, नवजोत सिंह सिद्धू कहते थे कि आप सरकार बनाने के लिए लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। ऐसा हो ही नहीं सकता है। फिर इन्होंने महिलाओं के मासिक भत्ते को लेकर हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में घोषणा की। भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं की मुफ्त यात्रा को लेकर भी खूब विरोध किया। फिर आम आदमी पार्टी के मेनिफेस्टो से चुराकर हिमाचल में महिलाओं को मुफ्त यात्रा देने की घोषणा की। अब कर्नाटक से भी खबर आ रही है कि कांग्रेस कर्नाटक के अंदर मुफ्त बस यात्रा देगी। कांग्रेस के पास आज जनता से बात करने वाले और उनसे कॉन्टेक्ट में रहने वाले लोग भी नहीं बचे हैं। आज कांग्रेस में अपना ओरिजिनल मेनिफेस्टो बनाने की हालत भी नहीं बची है।

# देश में विकास कांग्रेस पार्टी की देन है: आदेश भारद्वाज



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आज** जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखती है। उक्त बातें करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कही। श्री भारद्वाज ने कहा कि देश में अधिक महंगाई होने से देश की जनता को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दामों में काफी ज्यादा इजाफा देखने को मिल रहा है, जिसके चलते आम जनता का घरेलू बजट बिगड़ रहा है और जनता परेशान हो रही है। जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।

# भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व कार्यों से खुश हैं देश के लोग: गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडल भाजपा के अध्यक्ष नितिन कुमार गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है।

आज जो आप देश में विकास देख रहे है वह भारतीय जनता पार्टी की देन है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि हम दिल्ली में जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है और भाजपा को सत्ता में देखना चाहती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते दिल्ली की जनता परेशान हो रही है।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पी रहे है।

# समस्याओं का समाधान करें विभाग: सत्यपाल शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग के केला गोदाम रोड़ पर लगभग 10-25 लाईटे पेड़ो की टहनियों से दब गई है। जिसके कारण रोड़ का कुछ हिस्सा अंधेरे में डूबा नजर आता है। उक्त बातें जागरूकता उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि अंधेरे का फायदा असामाजिक तत्व उठा रहे है।

उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में मैंने लोक निर्माण विभाग को एक शिकायत की है। जिसका नम्बर- 356918 है। यह शिकायत 24 मई की हुई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके चलते रोड़ पर सैर करने वालो और राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि मेरा लोक निर्माण विभाग से अनुरोध है कि वह पेड़ो की छटाई कराये, जिससे वाहन चालको तथा स्थानीय निवासियों का परेशान न होना पड़े।



निगम पार्षद ज्योति अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, नितिन अग्रवाल, पवन गौड, रमेश जोनवाल, आनन्द सिंह व अन्य।

# नरेलाः मेट्रो संघर्ष समिति की कोर कमेटी की हुई अहम बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिठाला** बवाना-नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति की कोर कमेटी की बैठक का आयोजन वीरवार को नरेला में वरिष्ठ पदाधिकारी हेमराज बंसल की अध्यक्षता में किया गया।
बैठक में नई कार्यकारिणी के जल्द गठन सहित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।
नरेला बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर मेट्रो शुरू करवाने की मांग लोग लंबे समय से कर रहे हैं। कई बार नरेला बवाना कॉरिडोर पर मेट्रो की घोषणा होने के बाद भी काम शुरू ना होने से लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। नरेला बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू करवाने की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही रिठाला बवाना-नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति ने वीरवार को कोर कमेटी की बैठक का आयोजन वरिष्ठ पदाधिकारी हेमराज बंसल के मामूरपुर स्थित निवास पर किया। बैठक में एकमत से रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति की नई कार्यकारिणी के जल्द गठन व नरेला बवाना कॉरिडोर पर जल्द मेट्रो की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व एलजी विनय कुमार सक्सेना से मिलने पर भी सहमति बनी।
वही समिति के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में कोर कमेटी के पदाधिकारी समाजसेवी राजेंद्र सिंघल, हेमराज बंसल, एन.डीअरोड़ा, प्रदीप मंगला, मनोज बंसल, रामा खत्री, राजेश पोद्दार मौजूद रहे।

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 21 जून को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला स्तर पर स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि नौवें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस से एक दिन पहले 19 जून को सुबह साढ़े छह बजे जिला स्तर पर योग मैराथन करवाई जाएगी। जिसमें जिला के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह मैराथन खेल परिसर सेक्टर-12 से शुरू होकर शहर के विभिन्न स्थानों से गुजर कर वापिस खेल परिसर में समाप्त होगी। इस दौरान यातायात



पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल के लिए मुस्तैद रहेगी तथा 19 जून को ब्लॉक लेवल पर योगासन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 21 जून को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला स्तर पर स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में किया जाएगा। योगा शुरू किए जाने से पहले पंडाल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को संबोधित करेंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने इस आयोजन को भव्य बनाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में पश्चात जिला स्तर पर योगासन प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा उसके बाद प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम होगा। आपको बता दें खेल परिसर सेक्टर 12 के अलावा ब्लॉक स्तर पर अटल पार्क सेक्टर -2 बल्लभगढ़ तथा तिगांव के राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ ही जिला के कुल 24 व्यायामशाला में से कुछ व्यायामशालाओं पर भी योग दिवस का आयोजन होगा। इनमें छात्र-छात्राओं को लाने व ले जाने के लिए रोडवेज बसों का प्रबंध किया गया है। विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग के कर्मचारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं काफी संख्या में योग दिवस में भाग लेंगी। योगा स्थलों पर चिकित्सक व एक एंबुलेंस मौजूद रहेगी।

## डीसी ने की तालाबों के पुनर्उद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद जिला में सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में तालाबों के पुनर्उद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने एक-एक करके विभाग वार करवाए जा रहे अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार की समीक्षा बारीकी से करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। जिला फरीदाबाद में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत पुनर्उद्धार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से सभी को मिलकर तालाबों के उद्धार का जिम्मा लेना चाहिए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर बूंद का सदुपयोग करें व एक-एक बूंद पानी बचाएं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की है। हरियाणा प्रदेश में इस कार्य के लिए एक अथॉरिटी बनाई गई है। समीक्षा बैठक में डीडीपीओ राकेश मोर, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेन्द्र सिंह सहित अमृत सरोवर योजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में योग प्रोटोकॉल शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** शरीर में गजब की लचक और भंगिमाओं में बेहतरीन लय... प्राण को साधने में प्रवीणता और संतुलन की शानदार साधना! यह सब दिखाई दिया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के योग प्रोटोकॉल शिविर में। यह शिविर 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की जा रही है शुरू

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में केन्द्र सरकार के मंत्रालय प्रबंधन पेशेवर क्षेत्रों में मंत्रालय द्वारा चिन्हित संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की योजना को लागू कर रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत 2021-22 से पहले कुल 1000 छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया था। वहीं 2021-22 के प्रभाव से, सभी अनुसूचित जनजाति के छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय रुपये से अधिक नहीं है। वे आवेदक 6 लाख छात्रवृत्ति के पात्र हैं। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि पाठ्यक्रम प्रधान-2 योजना के दिशा-निर्देशों की एक प्रति और 252 अधिसूचित संस्थानों की सूची सूचना के लिए भेजी गई है। जहां अधिकार क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय निकायों के माध्यम से प्रचार किया जाए ताकि अधिक से अधिक अनुसूचित जनजाति के छात्र इस योजना का लाभ उठा सकें।

### नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. गौरव अंतिल निलंबित

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश सरकार ने नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. गौरव अतिल को निलंबित कर दिया है। उन पर लीज होल्डर योजना के सही प्रकार से क्रियान्वयन न करने और इससे संबंधित मांगी गई जानकारी सरकार को सही उपलब्ध न कराने का आरोप है। बता दें शहर में लीज होल्डर काफी समय से मालिकाना हक लेने के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। तीनों जोन के लगभग 700 दुकानदार हैं, जिनका काम रुका हुआ था। नगर निगम कार्यालय आने के बाद अधिकारियों से उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा था। दुकानदार लगातार मुख्यमंत्री से ट्वीट कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से भी दुकानदार मिले थे। हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम जुनेजा के नेतृत्व में पिछले दिनों व्यापारी नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया से भी मिले थे। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द समाधान करा दिया जाएगा। बता दें सरकार की नीति के तहत लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करना है। मतलब जिसके पास लीज की दुकान है, उसे मालिकाना हक दिया जाएगा। इसके बावजूद निगम अधिकारी इस आदेश का सही प्रकार से पालन नहीं कर रहे थे।

### एनआइटी एक मार्केट में कैलाश ज्वेलर्स की पहली और दूसरी मंजिल पर लगी आग

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** एनआईटी एक मार्केट में कैलाश ज्वेलर्स की पहली और दूसरी मंजिल पर गुरुवार को अचानक आग लग गई। इमारत की ऊपरी मंजिलों पर कपड़ों की दुकान चलती है। जानकारी के मुताबिक, नीचे आग पहुंचने से पहले ज्वेलर्स शॉप से सभी आभूषण सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों मंजिलों पर लाखों के कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल आग से किसी के झुलसने की सूचना नहीं है।

### लालच की रेवड़ियां बांटने के काम में लगी हुई है कांग्रेस: ओम प्रकाश धनखड़

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। आजकल तो कांग्रेस लालच की रेवड़ियां बांटने के काम में लगी हुई है और इनका यही काम रह गया है। कांग्रेस के नेता बयानवीर है और जनादेश के साथ चीटिंग करना इनकी फितरत है। श्री धनखड़ ने गुरुवार को झज्जर जिला की बादली विधानसभा में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित टिफिन बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें कहीं। इस मौके पर उनके साथ रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।

### 18 को गरीब आवास संघर्ष यात्रा निकाली जाएगी

**पानीपत:** सेवा ही धर्म संगठन द्वारा पानीपत ग्रामीण हल्के में गरीबों की आवाज उठाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पत्रकारों को देते हुए संदीप भारद्वाज खलीला ने बताया कि 18 जून को सुबह 8 बजे पानीपत ग्रामीण हल्के में एक गरीब आवास संघर्ष यात्रा निकाली जाएगी। जिसका उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न आवास योजना के तहत वास्तविक वंचित परिवारों को आवाज उठाना है ताकि गरीब परिवारों को उनका हक मिल सके। यह यात्रा पानीपत ग्रामीण में 2 जुलाई तक चलेगी।

# मॉडल गांव बनाने के लिए सहायता देने का दिया आश्वासन

## ग्राम पंचायतों से आवश्यकता अनुसार सामूहिक शौचालय बनाने के लिए प्रस्ताव देने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। मुख्य कार्यकारी** अधिकारी जिला परिषद सोनीपत डॉ सुशील कुमार की अध्यक्षता में एडीसी कार्यालय परिसर स्थित प्रगति हॉल सोनीपत में एक दिवसीय सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सुशील कुमार ने उपस्थित सरपंचों को संबोधित करते हुए सभी स्कीमों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सरपंचों की ई-टैन्डर से सम्बन्धित जो भी शंकाएँ थी उनको भी दूर किया। उन्होंने गांव को मॉडल गांव बनाने के लिए विभाग के द्वारा हर संभव सहायता



देने का आश्वासन दिया गया। सम्मेलन में चेयरमैन जिला परिषद सोनीपत राजबीर दहिया ने कहा कि जिला परिषद की तरफ से जो भी आवश्यक सहायता दी जानी उचित होगी दी जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दिलबाग सिंह दहिया द्वारा सरपंच सम्मेलन में खण्ड सोनीपत और खरखोदा की ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम पंचायतें बनाने के लिए सभी

**मिला भरोसा**

**= जिला परिषद राजबीर दहिया ने कहा कि जिला परिषद की तरफ से जो भी आवश्यक सहायता दी जानी उचित होगी**

सरपंचों से अपील की। उन्होंने कहा कि गांव को मॉडल बनाने के लिए पॉलिथीन प्लास्टिक कचरे का घर स्तर पर ही निस्तारण करेंगे एवं इस कचरे को ना जलाने व फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने ठोस कचरा प्रबन्ध सैड बनाने व सामूहिक शौचालय की आवश्यकता अनुसार ग्राम पंचायत के प्रस्ताव देने की अपील की। सम्मेलन में पीओ मनरेगा कन्वर्जेंस सुमित कुमार ने ग्राम पंचायत में कार्य करने की पूर्ण जानकारी दी तथा एडीपीए ईपंचायत सतीश कुमार ने ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत किये जाने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी दी गई। सरपंच सम्मेलन में खण्ड सोनीपत और खरखौदा की सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के समस्त सरपंचों, सम्बन्धित ग्राम सचिव, एबीपीओ मनरेगा और खंड संयोजक एसबीएमजी आदि उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व अपराध में नंबर वन हरियाणा: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/ गुरुग्राम/चंडीगढ़** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को गुरुग्राम में आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने सिरसा में 18 जून को होने वाली गृहमंत्री अमित शाह की रैली को लेकर प्रदेश की खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई है, इससे पहले गोहाना में अमित शाह की रैली लोगों के नहीं आने पर रैली फ्लॉप हुई थी। अब सिरसा में 18 जून को भाजपा की रैली तय हुई है, वो भी फ्लॉप न हो इसलिए खट्टर सरकार ने एसडीएम कोर्ट बैठाकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं,



किसानों और सरपंचों को नजरबंद करने का नोटिस दे दिया है। ताकि छह महीने तक दूसरी पार्टियों कोई गतिविधि न कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में खट्टर सरकार ने प्रदेश में कुछ नहीं किया। इसका नतीजा ये निकला कि सीएम खट्टर जहां-जहां गए उनको जनता के विरोध का सामना करना पड़ा और एक गांव में तो उनको बंधक बना लिया था।

### पर्यावरण को स्वच्छ बनाने बारे कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग: पी.राघवेन्द्र

**पानीपत:** हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेन्द्र ने वीरवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 26 जून को गुरुग्राम स्थित हिपा ट्रेनिंग सेन्टर में जिला पर्यावरण प्लान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पर्यावरण की शुद्धता को लेकर एनजीटी द्वारा बनाए गए नये नियमों के बारे में अवगत करवाया जाएगा।

# जिला के गाँवों में आयोजित किये जा रहे ग्राम स्तरीय जागरूकता कैंप



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग फरीदाबाद द्वारा गांव- समयपुर, साहूपुरा, सेहतपुर व ओली मे ग्राम स्तरीय जागरूकता कैम्प आयोजित किये गये। इस जागरूकता कैम्प में गाँवों के सरपंच/पंचायत प्रतिनिधियों सहित लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। इन जागरूकता कैम्पस में मेरी फसल मेरा ब्यौरा मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के पंजीकरण करने हेतु व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व जल शक्ति अभियान के बारे मे किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उक्त कैंपस में बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विस्तार पूर्वक विभागीय योजनाओं से रूबरू करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि भविष्य में जिला फरीदाबाद के सभी गांवों में अगस्त माह जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएंगें।

**मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना**

बागवानी फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ प्रीमीयम राशि 2.5 प्रतिशत सब्जियों मसालों के लिए 750 रुपए प्रति एकड़ व फलों के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ देना होगा। सब्जियों एवं मसालों के लिए न्यूनतम मुआवजा राशि प्रति एकड़ 15,000 रुपए व अधिकतम 30,000/- रुपए तथा फलों के लिए न्यूनतम मुआवजा राशि 20,000 रुपए व अधिकतम 40,000/- रुपए होगी। योजना में शामिल प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाएं - ओलावृष्टि, तापमान, पाला जल कारक (बाढ़, बादल फटना, नहर/ड्रेन का टूटना, जलभराव) आंधी तूफान व आग।

# लक्ष्मी चंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर एकत्रित हुए व्यापारी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के बस अड्डे मार्किट कार्यालय में हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता जी की पुण्यतिथि पर सभी व्यापारी एकत्रित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर सेक्टर 7, 10 की मार्केट के प्रधान वासुदेव अरोड़ा ,मुरारी लाल गर्ग प्रधान एसजीएम नगर ,आनंद आहूजा ,विनोद आहूजा एनआइटी ,नानक चंद कालड़ा प्रधान लाइब्रेरी मार्केट, नवल आर्य महासचिव, जितेंद्र कुमार सचिव



हरियाणा व्यापार मंडल, अशोक कत्याल, पवन मेंदिरत्ता ,बंसीलाल मेहता,विजय आर्य, दया चंद यादव पूर्व पार्षद एकत्रित होकर गायत्री मंत्र का पाठ फिर फूलों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस पुण्यतिथि पर एकत्रित सभी व्यापारियों को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर ने बताया कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता निडर और निर्भीक व्यापारी थे उनकी उपलब्धियों का आकलन करें तो शब्द भी कम पड़ जाएंगे। अपने कार्यकाल में उन्होंने हरियाणा व्यापार मंडल को हरियाणा में पहचान दिलाई। व्यापारियों के रुके हुए काम पूरे किए, व्यापारी समाज उनका सदा ऋणी रहेगा। उनकी इस कमी को पूरा नहीं किया जा सकता हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी एकत्रित व्यापारियों को गुप्ता जी द्वारा दिखाएं रास्ते पर चलने के लिए कहा सभी व्यापारी एकजुट होकर रहें एक दूसरे के सुख दुख में काम आए लक्ष्मी चंद गुप्ता जी एक समाजसेवी धार्मिक विचारों के व्यक्तित्व थे हमें सभी व्यापारियों को इकट्ठा होकर समाज में व्यापारियों के हित के लिए समाज के लिए कार्य करने हैं यही सच्ची श्रद्धांजलि है।

# पदोन्नत मे नियम बदलने से कर्मचारी खफा होकर किया विरोध - नरेश कुमार शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बन्धित विभागीय यूनियन/एसोसिएशनो के सैकड़ो कर्मचारियो ने जिला प्रधान करतार सिंह जागलान, सचिव युद्धवीर खत्री,वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर बालगुहेर, कोषाध्यक्ष मास्टर भीम सिंह, प्रैस सचिव राजबेल देशवाल के नेतृत्व मे ब्लॉक स्तर पर रोष प्रदर्शन कर एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन दिए। इनके साथ तिगांव ब्लॉक मे देवी सिंह ब्लॉक प्रधान, सचिव मनोज बालगुहेर, बड़खल के ब्लॉक प्रधान अनूप बाल्मिक, फरीदाबाद मे देवेंद्र त्यागी,बल्लभगढ मे रामकेश सहारण उपस्थित थे। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि नियमित और स्थायी प्रकृति के पदों पर कच्चे अनुबंध कर्मचारी रखने के कौशल रोजगार निगम के प्रावधान के कुछ समय बाद अब पदोन्नति कोटे के पदों को भी कौशल रोजगार में बदलने अथवा खाली रखने हुए समाप्त करने के लक्ष्य से नियमों में बदलाव करना कुचेष्टा के खिलाफ कर्मचारियों में रोष पनप रहा है। हरियाणा सरकार ए, बी, सी ग्रुप में कर्मचारियों की पदोन्नति को रोकने के लिए नयी बाड़ेबंदी करने की कोशिश कर रही है। यह कोशिश उन नियमों को नजरअंदाज करके की जा रही है जिनके तहत कर्मचारी की नियुक्ति हुई थी। भर्ती के समय से बाद के सेवानियमों को पुराने कर्मचारियों पर लादना गलत और नियम विरुद्ध भी है। एक बार प्रस्तावित नया नियम अधिसूचित कर दिया जाता है तो यह सभी विभागों, निगमों और बोर्डों में काम करने वाले समस्त कर्मचारियों पर लागू हो जाएगा। इसके लिए सेवानियमों में आवश्यक बदलाव किये जाएंगे। नये बदलाव के बाद पदोन्नति वरिष्ठता आधारित नहीं रहेगी, बल्कि इसे "मेरिट कम सीनियरिटी" आधार पर तय किया जाएगा। बाकी शर्तों के साथ पदोन्नति से पूर्व लिखित परीक्षा को




अनिवार्य किया जाएगा।* यह न्यूनतम योग्यता को तय करेगी। पदोन्नति के लिए निर्धारित अंकों के साथ लिखित परीक्षा पास करनी होगी जिसमें सामान्य वर्ग के कर्मचारी को 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े तबके, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग और खिलाड़ियों के लिए 45% अंकों के साथ लिखित परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। भर्ती के समय कर्मचारी ने जिस कैटेगरी के तहत प्रार्थना पत्र दिया था उसकी वही कैटेगरी मानी जाएगी। उन्हीं कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए वरिष्ठता के आधार पर योग्य माना जाएगा जिन्होंने निर्धारित अंकों के साथ लिखित परीक्षा पास कर ली होगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक वरिष्ठता क्रम को प्रभावित नहीं करेंगे। लिखित परीक्षा के लिए दो पेपर होंगे - एक पेपर जनरल एडमिनिस्ट्रेशन और दूसरा पेपर प्रशासनिक विभाग द्वारा तैयार की गई विषयवस्तु पर आधारित होगा। सरकार की स्वीकृति के उपरांत विभाग स्वयं या किसी एजेंसी के माध्यम से यह परीक्षा आयोजित करेगा। आवश्यकता के अनुसार परीक्षा बार-बार ली जाती रहेगी। पाठ्यक्रम, भाषा, प्रश्नपत्र के डिजाइन (वस्तुनिष्ठ या विषयनिष्ठ), समयसीमा आदि के बारे में विभाग अलग से अधिसूचना जारी करेगा। पदोन्नति के लिए उपलब्ध स्थानों से दोगुना संख्या में कर्मचारी यह परीक्षा दे सकेंगे। वर्ष में 31 दिसम्बर तक रिक्त हो जाने वाले पदोन्नति पदों को भी इस में शामिल किया जा सकेगा। यदि कोई कर्मचारी लंबी छुट्टी पर है या निलंबित है अथवा अन्य विभाग में प्रतिनियुक्त है तो भी उसे परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी, भले ही वह तत्काल पदोन्नति के लिए पात्र न हो। वास्तव में पदोन्नति तो योग्यता के आधार पर ही हो सकेगी। यदि लिखित परीक्षा पास करने वालों की संख्या उपलब्ध पदों से कम रह जाती है तो खाली पदों व 31 दिसम्बर तक पदोन्नति उपलब्ध पदों से पाँच गुणा उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए आंमत्रित किया जाएगा। एक बार परीक्षा उत्तीर्ण करने पर पदोन्नति न होने पर कर्मचारी को दोबारा परीक्षा नहीं देनी होगी। पर्याप्त संख्या में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर्मचारियों के उपलब्ध होने की स्थिति में विभाग बिना लिखित परीक्षा लिए ही पदोन्नति सूची जारी कर सकेगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अवसरों की कोई सीमा नहीं होगी। जो कर्मचारी लिखित परीक्षा पास नहीं कर पाएंगे उन्हें एसीपी और वार्षिक वेतन वृद्धि आदि लाभ यथावत मिलते रहेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 16 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# निर्माण श्रमिकों के लिए लगेगा पंजीकरण शिविर

## निर्माण श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए श्रम विभाग के नए वेब पोर्टल से जोड़ा जाएगा

### जागरूक किया जाएगा

**निर्माण श्रमिकों के लिए दिल्ली के 11 जिलों में स्थित श्रम विभाग के कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा मजदूरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए दिल्ली में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने गुरुवार को दिल्ली भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के उच्च अधिकारियों के साथ सीमाक्षा बैठक कर मजदूरों के लिए विशाल पंजीकरण एवं जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण श्रमिकों के लिए दिल्ली के 11 जिलों में स्थित श्रम विभाग के कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। यहां मजदूरों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाई जाएगी। निर्माण श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें श्रम विभाग के नए वेब पोर्टल से जोड़ा जाएगा। इसी के साथ मजदूरों को श्रम विभाग की तरफ से मासिक पत्रिका भी बांटी जाएगी जिसमें निर्माण श्रमिकों से जुड़ी दिल्ली सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी शामिल होगी। समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने श्रम विभाग के अधिकारियों को लेबर कोर्ट की सभी कार्यवाही को सीसीवीटी कैमरे की निगरानी में कराने के सख्त निर्देश दिए। इसी के साथ जिन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दस्तावेजों की कमी के कारण सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे मजदूर

**डिजिटलिकरण** की तरफ बढ़ते हुए दिल्ली भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (उद्दडउहहइ) ने बीते दिनों एक नई वेबसाइट शुरू की गई है। जिसमें दिल्ली सरकार से पहले से पंजीकृत हजारों निर्माण श्रमिक जुड़ चुके हैं। मगर दिल्ली के हर निर्माण श्रमिक को डिजिटल रूप से जोड़ने के लिए प्रत्येक जिले में विशाल पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। जहां श्रमिकों के लिए हेल्प डेस्क लगाई जाएगी। जहां कंप्यूटर ऑपरेटर मजदूरों को श्रम विभाग विभाग के नए पोर्टल से जोड़ेगे। दिल्ली के 11 जिलों में स्थित श्रम विभाग के कार्यालयों में फिलहाल एक महीने के लिए विशाल पंजीकरण एंव जागरूकता शिविर संचालित किया जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी लेबर कोर्ट की कार्यवाही

**उल्लेखनीय** है कि श्रम मंत्री राजकुमार आनंद ने बीते दिनों श्रम विभाग के दफ्तरों का निरीक्षण किया था और वहां मिली असुविधाओं पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा में कदम उठाते हुए गुरुवार को हुई समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने लेबर कोर्ट की सभी कार्यवाही को सीसीवीटी कैमरे की निगरानी में कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। लेबर कोर्ट में किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### घुसपैठ करती उज्बेकिस्तानी महिला पकड़ी गई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला उज्बेकिस्तान की रहने वाली है और पंजाब के रास्ते पाकिस्तान में घुसने का प्रयास कर रही थी। बीएसएफ ने महिला के घुसपैठिया होने की आशंका जताई है, जो बुर्का पहनकर यहां घूम रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर कार्रवाई करने के बाद बीएसएफ ने उसे पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ इंडियन पासपोर्ट एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। थाना फिरोजपुर सदर के प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार वह नियमित गश्त पर सीमावर्ती गांव न्यू बारेके के पास थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव गट्टी राजोके के पास एक बुर्का पहने महिला को गांव के लोगों ने रोका है, जो अंतरराष्ट्रीय सरहद पार करने की फिराक में थी। उन्होंने बताया कि हिरासत में ली गई 36 वर्षीय महिला का नाम तांगिया रेवा पुत्री ईरीसोवाना निवासी उज्बेकिस्तान है। उन्होंने बताया कि महिला से पूछताछ चल रही है। उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है। पता लगाया जाएगा कि उसका यहां आने और बुर्का पहनकर सरहद पार करने की कोशिश का क्या मकसद था।

### सीएम ने कैंची धाम स्थापना पर दी शुभकामना

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने सभी प्रदेशवासियों और सम्पूर्ण देश से आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास के पावन स्थल और हनुमान जी के अनन्य भक्त बाबा नीब करौरी के स्थापित कैंची धाम के स्थापना दिवस की शुभकामना दी। कैंची धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि तहसील कोश्या कुटोली, जनपद नैनीताल का नाम बाबा नीब करौरी के धाम के नाम से तहसील श्री कैंची धाम होगा। वर्ष भर श्री कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम हो।

# धर्मशाला में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

### पटाक्षेप

**बुधवार बीती देर रात पुलिस ने धर्मशाला के समीप सुधेड़ के एक होटल में दबिश देकर इस मामले का पटाक्षेप किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला**
**पर्यटन न**गरी धर्मशाला में पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला दलाल को गिरफतार किया है। वहीं इसके कब्जे से दो लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। यह सभी हिमाचल से बाहर की रहने वाली हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार बीती देर रात पुलिस ने धर्मशाला के समीप सुधेड़ के एक होटल में दबिश देकर इस मामले का पटाक्षेप किया है। धर्मशाला पुलिस थाना के एसएसचओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि एक होटल में देह व्यापार का धंधा चलता है। इसी आधार पर पुलिस टीम ने होटल में छोपमारी की जहां से महिला दलाल सीता देवी के साथ दो लड़कियां पकड़ी गईं। पुलिस ने महिला दलाल के खिलाफ इमोरल ट्रैफिकिंग एक्ट के तहत सेक्शन 4 और 6 तथा आईपीसी की धारा 370 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही की है। एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने बताया कि पुलिस ने धर्मशाला के समीप सुधेड़ में एक होटल में बुधवार बीती रात देह व्यापार के मामले में दबिश देकर एक मिहला दलाल सीता देवी को गिरफतार किया है।



दिल्ली सरकार के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कुतुब रोड स्थित हेरिटेज म्यूजियम जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए।

# 'ममता सरकार की कार्बन कॉपी है झारखंड की सोरेन सरकार'

### आरोप

**खनन का मामला हो या तुष्टिकरण की राजनीति हो, सभी चीजें लगता है कि बंगाल से चुराई हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/रांची।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं प्रयागराज (पश्चिम) के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ममता सरकार की कार्बन कॉपी है। झारखंड आने के उपरांत जो बातें सामने आई और यहां की सरकार के बारे में जो बातें हम सब सुनते रहे हैं, चाहे वह आबकारी नीति हो, खनन का मामला हो या तुष्टिकरण की राजनीति हो, सभी चीजें लगता है कि बंगाल से चुराई हुई है और वहां की परछाई यहां पर काम कर रही है। सिंह गुरुवार को लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल अरगोडा में मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल को लेकर आयोजित महासंपर्क अभियान के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवारवाद ममता जी भी चलाती हैं और झारखंड में भी परिवारवाद है। ममता अवैध रूप से अपने भतीजे अभिषेक को लाभ पहुंचाती हैं और झारखंड में भी यही चल रहा है। खनन का मामला हो या और कुछ, सभी जगह ने इन्हें अपना परिवार ही दिखता है। हम लोगों ने 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला के बारे में सुना था परन्तु झारखंड में धोती घोटाला का सुनना अपने आप में अनोखा है।

# देवभूमि के स्वरूप को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा: सीएम धामी

### दो टूक

**कानून अपना काम कर रहा है। दोषी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। घटनाक्रम की जांच की जाएगी: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे पुरोला की घटना हो या अन्य घटनाएं हों। देवभूमि के स्वरूप बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने गुरुवार को लाभार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चाहे पुरोला की घटना हो या अन्य घटनाएं, जिसमें लव जिहाद और लैंड जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसा कोई भी मामला हो विधि सम्मत कार्य किया जाएगा, लेकिन दुखद यह है कि कांग्रेस ऐसे ही अपराधियों के साथ खड़ी है। कानून अपना काम कर रहा है। दोषी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। घटनाक्रम की जांच की जाएगी और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। लाभार्थी सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास का कार्य हुआ है। इसका प्रमाण इतनी भारी संख्या में आए लाभार्थी प्रत्यक्षम्‍ किम प्रमाणम की सूक्ति को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में लाभार्थी है। चाहे वह सड़क की व्यवस्था, यातायात हो, वायुयान सुविधा हो या विकास के अन्य कार्य। कोरोना काल में जिस ढंग से लोगों का लाभान्वित किया गया, वह अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में भव्य और दिव्य केदार बना जो संभव ही नहीं था। 2013 की आपदा के बाद केदारधाम में भारी क्षति हुई थी, कुछ नहीं बचा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति से भव्य और दिव्य केदारधाम का सपना साकार हुआ है। चाहे शंकराचार्य की समाधि का मामला हो या आस्था पथ का, ध्यान गुफा का हो या अन्य सुविधाओं का। आज पूरी दुनिया केदारधाम के विकास कार्यों से प्रभावित है और पूरे विश्व से लोग भगवान केदार के दर्शन करने आ रहे हैं। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण संभव हो पाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर देवभूमि की आस्था और विश्वास को डिगने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों पर कड़ी लगाम लगाई जाएगी।

## अमृत महोत्सव के तहत मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
**विश्व ज**नसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाया जाएगा। दो चरणों में पखवाड़ा आयोजित होगा। पखवाड़े को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने गुरुवार को बताया कि विश्व जनसंख्या पखवाड़े की थीम इस बार आजादी के अमृत महोत्सव से प्रेरित है। इस बार की थीम हम लें यह संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प रखी गई है। अभियान की सफलता के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। सीएमओ ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस दो चरणों में मनाया जाएगा। जिसमें 27 जून से 10 जुलाई को व्यापक व सघन प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाएगा। जबकि दूसरे चरण में सेवा प्रदायगी पखवाड़ा होगा। इसमें 11 जुलाई से 31 जुलाई तक सेवा प्रदायगी और जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा होगा। इसमें परिवार नियोजन की स्थायी और अस्थायी सेवाओं का लाभ इच्छुक दम्पतियों को दिया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिवार कल्याण डॉ.एसडी चौधरी ने बताया कि दूसरे चरण में मुख्य रुप से नसबंदी कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बास्केट ऑफ च्वाइस में उपलब्ध गर्भनिरोधक साधनों के बारे में काउंसलिंग कर गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित कर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य इकाइयों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार प्रसार होगा।




**प्रदेश की रैंकिंग** यह जानकारी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीमुद्दीन के मांगे गए सूचना के अधिकार के तहत मिली

# एससी, एसटी अपराधों के मामलों में देहरादून चौथे स्थान पर




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड** वैसे तो शांत राज्यों में शामिल है, लेकिन यहां भी धर्म और जाति के आधार पर अपराध बढ़ रहे हैं। गत तीन वर्षों का आकलन किया जाए तो अनुसूचित जाति जनजाति के विरुद्ध 350 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें बलात्कार, अपहरण,हत्या जैसे मुकदमे शामिल हैं। यह जानकारी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीमुद्दीन के मांगे गए सूचना के अधिकार के तहत मिली है। इस जानकारी के अनुसार 72 बलात्कार, 10 हत्या, 24 अपहरण के मुकदमे भी शामिल हैं। कुमाऊं में दर्ज 154 मुकदमों की अपेक्षा 33 प्रतिशत से अधिक 206 मुकदमे गढ़वाल के जिलों में दर्ज हुए हैं।
पुलिस मुख्यालय की दी गई जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न के कुल 360 अभियोग पिछले 3 वर्षों (2020, 2021 तथा 2022) में दर्ज कराये गये हैं। इसमें 2020 में 111, 2021 में 130 तथा 2022 में 119 मुकदमे दर्ज हुए हैं। कुमाऊं के 6 जिलों में 154 और गढ़वाल के 7 जिलों में 206 मुकदमे दर्ज हुए हैं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ऐसे मुकदमे दर्ज हुए हैं। अपराध वार दर्ज हुए मुकदमों में हत्या के 10, डकैती व लूट का 1-1, अपहरण के 2, बलात्कार के 72, गंभीर चोट के 6, धारा 506 आई.पी.सी. (धमकी) के 21, अन्य अपराधों के 176, एस.सी.एस.टी. एक्ट के 71 मुकदमे शामिल हैं। वर्ष 2022 में दर्ज 119 मुकदमों में हत्या के 3, डकैती व लूट, अपहरण का 1-1, बलात्कार के 24, गंभीर चोट के 3, धमकी के 3, अन्य 55 और एस.सी.एस.टी. एक्ट के 28 मुकदमे शामिल हैं। वर्ष 2021 में दर्ज 130 मुकदमों में हत्या के 3, अपहरण का 1, बलात्कार के 27, गंभीर चोट के 2, धमकी के 16, अन्य अपराधों के 59, एस.सी.एस.टी.एक्ट के 22 मुकदमे शामिल हैं।